# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 26 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 12 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 200 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ असंख्यक हिन्दू मंदिरों को तोड़ने के 'इतिहास' का नाम है 'औरंगजेब'

अनन्या और माधवन संग 'केसरी चैप्टर 2' में दिखेंगे अक्षय ◀◀ 6


### हजारीबाग की घटना को लेकर सदन में जोरदार हंगामा

# इस मामले में सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी : राधाकृष्ण किशोर

## आखिर हिंदुओं के पर्व त्यौहार में ही पत्थर क्यों फेंका जाता : बाबूलाल

संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा बजट सत्र का आज 19वां दिन है। आज बुधवार को जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई भाजपा विधायक वेल में आ गये और हजारीबाग की घटना को लेकर जोरदार हंगामा करने लगे।

स्पीकर ने भाजपा विधायकों को अपने आसन पर जाने की अपील की। स्पीकर ने कहा कि सदन अंतिम दौर पर है। सदन की कार्यवाही बस दो दिन है, इसलिए सहयोग करें। साथ ही उन्होंने विपक्षी पार्टी को सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग घटना को लेकर सदन में कहा कि हिंदुओं के पर्व त्यौहार में ही दंगा फसाद होता है।



आखिर हिंदुओं के त्योहार पर ही हमला क्यों होता है।

बाबूलाल ने हजारीबाग की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हिंदुओं के पर्व त्यौहार में इस तरह का हमला होना, कहीं ना कहीं लगता है कि अपराधियों को प्रश्रय मिलता है। बाबूलाल ने सरकार से अपील की कि हमारे पास तकनीक है। इन तकनीकों का इस्तेमाल कीजिये।

ड्रोन कैमरा का उपयोग करें। लाइट की व्यवस्था करें। साथ ही जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरा

**स्पीकर ने भाजपा विधायकों को अपने आसन पर जाने की अपील की। स्पीकर ने कहा कि सदन अंतिम दौर पर है। सदन की कार्यवाही बस दो दिन है, इसलिए सहयोग करें। साथ ही उन्होंने विपक्षी पार्टी को सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।**

लगाये जाये। जिन संवेदनशील जगहों से जुलूस गुजरता है, वहां कैमरा लगाये जाये, ताकि पता चल सके कि आखिर हिंदुओं के पर्व में कौन पत्थर चलता है। कौन कहां से बोलत फेंकता है। समाज को कौन अशांत करने की कोशिश कर रहा है। उन्हें चिह्निंत कर आवश्यक कार्रवाई करना चाहिए।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि हजारीबाग की घटना सरकार के संज्ञान में है। जिन कारणों को लेकर यह परिस्थिति उत्पन्न हुई है, उन कारणों के प्रति सरकार गंभीर है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में सरकार आवश्यक कार्रवाई करेगी। राज्य में सांप्रदायित सौहार्द बनी रही, इसके प्रति सरकार गंभीर है।

## खूंटी सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री, इलाजरत मरीजों का पूछा हाल



संवाददाता

**खूंटीः** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी मंगलवार देर रात अचानक खूंटी सदर अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे। मंत्री के अस्पताल पहुंचते ही जिले के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन एवं अन्य कर्मी पहुंचे।

मंत्री इरफान अंसारी ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों का हाल जाना और उनकी बीमारी के बारे में पूछा। इसके अलावा मंत्री ने अस्पताल के रजिस्टर की जांच करने के बाद अस्पताल में डॉक्टरों की संख्या के साथ-साथ ड्यूटी में रहने वाले कर्मियों के बारे में जानकारी ली। पूरे अस्पताल परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने निजी कर्मियों को भी दूर रखा।

मंत्री के अस्पताल पहुंचने की सूचना के बाद फौरन सिविल सर्जन अस्पताल पहुंचे और मंत्री को अस्पताल के बारे में बताया। मंत्री इरफान अंसारी ने सिविल सर्जन से कहा कि जिस सूचना को आधार पर हम यहां आए थे वो अनियमितताएं यहां नहीं पाई गईं। अस्पताल में व्यवस्थाएं ठीक हैं लेकिन और बेहतर करने की जरूरत है।

सिविल सर्जन से अस्पताल के बारे में पूछा कि कितने डॉक्टर हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल में 28 डॉक्टर हैं, जबकि सीएसची में अलग-अलग डॉक्टर हैं। मंत्री ने दूसरे इलाकों के बारे में जानकारी ली और कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक करें। औचक निरीक्षण में अगर गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगे।

मंत्री इरफान अंसारी ने निरीक्षण के बाद बताया कि राज्य के अस्पतालों में हमारा सिस्टम कैसा चल रहा है। अस्पताल में मरीजों का कैसा इलाज चल रहा है, उन्हें कैसी दवा दी जा रही है। इसे देखने के लिए पहुंचा था।

उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में लगभग सारी सुविधाएं मौजूद हैं। दवाइयां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि मैं कहीं भी कभी भी जा सकता हूं। मैं सबके साथ हूं। कहीं भी कोई भी हॉस्पिटल में गड़बड़ी होगी वो जरूर नपेंगे। उन्होंने सिविल सर्जन को और बेहतर तरीके से काम करने का निर्देश दिया।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ठिकानों पर सीबीआई की रेड, रायपुर और भिलाई में भी छापा



**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के घर सीबीआई ने बुधवार सुबह छापेमारी की। बताया जा रहा है कि यह रेड रायपुर और दुर्ग में जिले स्थित उनके भिलाई निवास में चल रही है। सीबीआई की टीम भूपेश बघेल के आवास पर मौजूद है।

सीबीआई की टीम दो गाड़ियों में सवार होकर भूपेश बघेल के घर पहुंची। इसके अलावा, सीबीआई ने पूर्व सीएम बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा और भिलाई विधायक देवेंद्र यादव के घर भी रेड की है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीबीआई छापे की जानकारी दी है। उन्होंने (भूपेश बघेल कार्यालय) के हवाले से एक्स पर लिखा, ₹अब सीबीआई आई है। 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित ह्यड्राफ्टिंग कमेटीह्व की मीटिंग के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। उससे पूर्व ही सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।₹

इससे पहले, ईडी ने भिलाई के पदुम नगर इलाके में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर और उनके सहयोगियों से जुड़े 14 ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की थी।

भूपेश बघेल ने कहा था, यह संयोग है या प्रयोग, आप लोग तय कीजिए। कवासी लखमा ने जब उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सवाल पूछा, तो उनके खिलाफ ईडी की टीम पहुंच गई। मैंने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सवाल पूछा, तो चार दिन भी नहीं लगे कि ईडी पहुंच गई। मतलब हम सवाल नहीं कर सकते। यह सरकार डराना चाहती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया था कि ईडी की कार्रवाई हमें रोकने, प्रताड़ित करने और दबाव डालने के लिए है। उन्होंने कहा था कि झारखंड चुनाव समाप्त होने के बाद 2020 में पहली बार छापा पड़ा था। इसके बाद जब-जब वह दूसरे राज्य के चुनाव में गए, तब-तब छापे पड़े।

### सरहुल पूजा का होगा बेहतरीन आयोजन

## अधिकारियों ने सिरमटोली सरना स्थल का किया निरीक्षण



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण पर्व सरहुल को लेकर प्रशासन की तरफ से बेहतरीन तैयारियां की जा रही हैं। सरहुल पूजा को लेकर सिरमटोली चौक पर भव्य तरीके से सभी व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन के साथ-साथ पुलिस की टीम भी बेहतरीन व्यवस्था के लिए एक साथ काम कर रही है।

**लगातार लिया जा रहा है तैयारियों का जायजा :** आगामी सरहुल पर्व के भव्य आयोजन एवं तमाम व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों द्वारा सिरमटोली, सरना स्थल का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जिसमें सरना स्थलों पर लाइट, सड़क समतलीकरण, जलापूर्ति, मोबाइल टॉयलेट आदि की बेहतर व्यवस्था के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके अलावा ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी के अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता और सम्बंधित अधिकारियों को पूरी तत्परता के साथ कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।

अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) रांची राजेश्वर नाथ आलोक ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा भव्यतापूर्ण तरीके से सरहुल पर्व के आयोजन हेतु मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का निर्देश सभी को दिया गया है। पर्व के दौरान सरना स्थल पर आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए वरीय पदाधिकारी द्वारा संबंधित एजेंसी एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए है। श्रद्धालुओं को आने जाने में किसी तरह की परेशानी ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा। जिला प्रशासन पूर्णतया प्रतिबद्ध है कि सरहुल पूजा के भव्य आयोजन हेतु सभी तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाएंगी।

**ट्रैफिक के लिए भी प्लान तैयार :** आपको बता दें कि सरहुल पूजा के दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग शोभा जुलूस निकालते हैं। इसे लेकर ट्रैफिक एसपी के द्वारा ट्रैफिक प्लान को लेकर भी सभी तैयारियां की जा रही हैं। सरहुल पूजा के दिन दो दर्जन से ज्यादा ट्रैफिक के जवानों को भी तैनात किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कहां-कहां बल तैनात करना हैं, इसका भी जायजा लिया गया है।



## औरंगाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता स्पेशल ऑपरेशन में 8 नक्सली गिरफ्तार

**औरंगाबाद :** बिहार पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में औरंगाबाद जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस ऑपरेशन के तहत प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के आठ कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान नबीनगर के बेला खैरा निवासी बलि राम, बैरिया निवासी कृष्णा पाल, बीरबल बिगहा निवासी मिथलेश यादव, टंडवा थाना के पछियारी बेनी निवासी नरेश राम, झारखंड के पलामू जिले के जपला थाना के चंद्रगार निवासी छोटू सिंह, नबीनगर थाना के नावाडीह बड़ैन निवासी मिथलेश कुमार सिंह, कुड़वां-अंकोरहा निवासी छोटन कुमार एवं जसोईयां-मिजार्पुर निवासी लल्लू सिंह के रूप में हुई है। इन नक्सलियों की गिरफ्तारी माली और नबीनगर थाना क्षेत्र से की गई। पुलिस के अनुसार, बलि राम इस संगठन का मुख्य संचालक है। उसके घर से 315 बोर की तीन रायफल, एक थारनेट, एक देशी रायफल, 13 जिंदा कारतूस, एक वॉकी-टॉकी, सात जोड़ी चितकबरा वर्दी, टोपी, बेल्ट, बैग और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि पहले तीन नक्सलियों मिथलेश कुमार सिंह, छोटन कुमार और लल्लू सिंह को गिरफ्तार किया गया था, जिनकी निशानदेही पर पांच और नक्सलियों को पकड़ा गया। इस अभियान को पुलिस की एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# हरियाणा में भीषण सड़क हादसा : गुजरात पुलिस के तीन जवानों की मौत

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के सिरसा जिले में एक दुखद सड़क हादसा सामने आया है। डबवाली के शेरगढ़ गांव के पास भारत माला एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक को गुजरात पुलिस की गाड़ी ने टक्कर मार दी। मंगलवार सुबह करीब 5 बजे यह भीषण हादसा उस समय हुआ जब गुजरात पुलिस का दस्ता पोक्सो एक्ट के एक मामले की जांच के लिए लुधियाना जा रहा था। एक जवान घायल, तीन की मौके पर ही मौत

इस हादसे में एक अन्य जवान जेपी सोलंकी को गंभीर चोटें आई हैं; गुजरात पुलिस के तीन जवान घनश्याम, सुनील और रविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घायल जवान को तुरंत डबवाली के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।ट्रक चालक फरार; पुलिस ने



शुरू की जांच हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। लापता चालक की तलाश जारी है, वहीं पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है।

**घटना का कारण और सड़क सुरक्षा मुद्दे :** प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था और ट्रक से टक्कर संभवतः घने कोहरे या गुजरात पुलिस की गाड़ी की तेज गति के कारण हुई। एक बार फिर, इस घटना ने ट्रक चालकों के बीच सड़क सुरक्षा और कानूनों के अनुपालन को लेकर चिंता को उजागर किया है।

**पीड़ित परिवारों में शोक की लहर :** मृत अधिकारियों के परिवार इस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर शोक में हैं। यह घटना गुजरात पुलिस विभाग को भी गंभीर रूप देती है। सरकार इस आपदा से तबाह हुए परिवारों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग :** स्थानीय नागरिकों और पुलिस विभाग ने सरकार से कठोर सड़क सुरक्षा नीतियों को लागू करने और इस घटना से जुड़े सड़क पर अवैध रूप से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, ट्रक चालक को जल्द ही पकड़े जाने की उम्मीद है।

एक बार फिर, यह घटना सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने के घातक परिणामों को दशार्ती है। ड्राइवरों को पूरी तरह से जागरूक होना चाहिए; इसलिए, भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए, सरकार को सड़कों पर यातायात नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

## जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने से हाईकोर्ट का इनकार




संवाददाता

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की कोर्ट ने कहा कि अदालत इस मामले पर फिलहाल कोई आदेश पारित नहीं करेगा।

जांच एजेंसी अपनी जांच रिपोर्ट निचली अदालत में जमा करे और उस रिपोर्ट के आधार पर निचली अदालत अपना आदेश पारित करेगी। साथ ही अदालत ने रिजल्ट के प्रकाशन पर लगे स्टे को हटाने से इनकार कर दिया। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

न्यूज ब्रीफ

## संजीवनी अकादमी कोचिंग से तीन बच्चों ने किया सफलता हासिल

**चन्दवारा :** प्रखण्ड के बाँझेडीह रोड स्थित संजीवनी अकादमी के कोचिंग से जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025 में तीन बच्चों ने सफलता हासिल करते हुए संस्थान के साथ साथ जिला ओर अपने माता पिता और गुरुजनों का नाम को गौरवान्वित किया है। ज्ञात हो की संजीवनी अकादमी अपने स्थापना वर्ष 2014 से लगातार निदेशक संजीव कुमार की कुशल मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष नवोदय, सैनिक स्कूल, नेतरहाट जैसे स्कूली प्रवेश परीक्षाओं में बेहतर रिजल्ट देते आ रहा है। निदेशक संजीव कुमार ने बताया की वर्ष 2014 से 2025 तक नवोदय में कुल 59 छात्र /छात्राओं का अलग अलग प्रदेश व अलग जिलों के नवोदय विद्यालय के लिए रिजल्ट दिए हैं। सफल 4 में से 3 विद्यार्थियों के होने पर विद्यालय निदेशक ने खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए उनके अभिभावकों को संस्थान पर भरोषा और विश्वास बनायें रखने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। सभी सफल छात्र /छात्राओं को विद्यालय संरक्षक सुधीर सिंह, मनोज मोदी, अशोक सिंह कपूर, खूबलाल यादव, सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष अज्जू सिंह उप प्रमुख प्रतिनिधि विजय यादव, पिपराडीह मुखिया प्रतिनिधि धीरज कुमार, भोंडो मुखिया कोयल देवी, चन्दवारा पूर्वी मुखिया संजय रविदास, समाज सेवी मनोज ओमशारण, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव, चन्दवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुशवाहा, समाजसेवी द्वारिका राणा, प्रमोद मोदी ने सफल विद्यार्थियों व विद्यालय प्रबंधक व शिक्षकों को शुभकामनायें दी है।

## बडा मुरी में राधाकृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा



**मुरी :** बडा मुरी में राधाकृष्ण मंदिर में राधाकृष्ण प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया जिसमें गांव की ग्रामीण महिलाओं ने पारंपारिक पोशाक में कलश यात्रा कल कलश को मंदिर में स्थापित किया गया साथ ही राधाकृष्ण की नई मुर्ति का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा किया गया। उसके बाद भजन कीर्तन का शुभारम्भ किया गया। हरि बोल राधे राधे का जयकारा लगा।जिसमें आसपास के सैकड़ों महिलाओं ने आकर भगवान कृष्ण से अपने परिवार और समाज के लिए आशीर्वाद मांगा।

## खराब चापाकल की मरम्मती व जरूरत के मुताबिक नए चापाकल लगाया जाए : सईद नसीम



**कोडरमा :** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने जिला उपायुक्त कोडरमा को पत्र लिखकर ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिलावासियों को पेयजल की सुगम व्यवस्था कराने की दिशा में जिला प्रशासन से निवेदन करते हुवे कहा कि जिले भर में सैकड़ो की संख्या में खराब चापाकल की मरम्मती व जरूरत के मुताबिक नए चापाकल लगवाए जाने की जरूरत है। पेयजल की गम्भीर समस्या को देखते हुवे चूंकि झुमरी तिलैया नगरपरिषद में नियमित जलापूर्ति भी नही हो पाती है। ऐसे में जलापूर्ति की एक मात्र सहारा चापाकल ही रह जाता है। जिले भर में कई चापाकल खराब या या छोटी छोटी मरम्मती के अभाव में बंद पड़े है ऐसे में ग्रीष्म ऋतु में आमजन के लिए जल की सुलभता व सुगम व्यस्था हेतु झुमरी तिलैया नगर समेत जिले भर में उपलब्ध चापाकल का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करवाने का आग्रह करता हूँ। पत्र में उन्होंने झुमरीतिलैया नगर समेत सभी प्रखंडों के लिए चलन्त चापाकल मरम्मती दल रवाना किये जाने की मांग के अलावा पेयजल समस्या का निवारण हेतु खराब चापाकल एवं पेयजल संकट से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु टोल फ्री नम्बर भी जारी करने की भी मांग किया है।

## मदन महतो की स्मृति में लगा मेला, लोगों की भीड़ उमड़ी



**सिल्ली :** हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी सिल्ली प्रखंड के कोंचो निवासी समाजसेवी स्व0 मदन महतो की स्मृति पर मेला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मेला कमिटी की ओर से महिला छऊ नृत्य एंव मुर्गा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। महिला छऊ नृत्य उस्ताद पुरुलिया जिला के कुशटांड़ निवासी सोनाली महतो एंव टीम तथा पलास कुड़ा निवासी नेहारिका सहिस एंव टीम ने आदिवासी और लोक परंपराओं पर आधारित अर्ध-शास्त्रीय नृत्य से लोगों का मनमोह लिया। इस मेला आयोजन को सफल बनाने मेला कमिटी के अध्यक्ष समीर कुमार ठाकुर सचिव अखिलेश कुम्हार कोषाध्यक्ष संजय महतो उपाध्यक्ष जगतपाल महतो संरक्षक शक्तिधर महतो एंव समस्त ग्रामीणों का योगदान रहा।

## धूमधाम से निकाली गई दूसरी मंगलवारी की शोभा यात्रा जुलूस



**रांचीः** नारी सेना महावीर मंडल के अध्यक्ष पूनम सिंह के अध्यक्षता में धूमधाम से पहाड़ी मंदिर से महावीर चौक हनुमान मंदिर तक मंगलवारी शोभा यात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा जुलूस की सभी महिलाएं डंका बजाते, लाठी भांजते एवं नृत्य गान, श्री राम हनुमान जी के जयकारे के साथ महावीर मंदिर महावीर चौक पहुंची और पूजा अर्चना की।महावीर मंदिर में उपस्थित महावीर मंडल के माननीय पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, ललित ओझा, संजय जायसवाल आदि आदि पदाधिकारियों ने सभी नारी सेना के महिलाओं एवं पुरुषों को अंगवस्त्र भेंटकर भव्य रूप से स्वागत किया। इस मंगलवारी शोभायात्रा जुलूस में मुख्यरूप से सेना के अध्यक्ष पूनम सिंह,मुख्य संयोजक सागर वर्मा,मुख्य सलाहकार सूरज सिंह भवानी,मंत्री कमला विश्वकर्मा,

संगठन मंत्री शिव किशोर शर्मा सहित नीरज कुमार जायसवाल, सुबोध कुमार शर्मा,कामिनी सिंह,अनुपमा सिंह,मनीषा झा,अनमोल कुमारी,सलोनी कुमारी,कुमकुम गुप्ता,सोनी कुमारी,ममता कुमारी,रितिका कुमारी,वेदिका कुमारी, आदिआदि मौजूद थी।

### मंईयां सम्मान योजना को लेकर हेमंत कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला

# अब आधार से बैंक खाता लिंक नहीं होने पर भी मिलेगी राशि

**संवाददाता**



**रांचीः** झारखंड में मंईयां सम्मान योजना का लाभ अब उन महिलाओं को भी मिलेगा जिनका अकाउंट आधार नंबर से लिंक्ड नहीं है। हेमंत सरकार ने वैसी सभी महिलाओं को मार्च 2025 तक सम्मान राशि देने का फैसला किया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार 25 मार्च को हुई कैबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद ने दिसंबर 2024 तक आधार लिंक बैंक खाता की अवधि बढ़ाते हुए इसे मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में किए गए इस आंशिक संशोधन की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी।

**कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट ने झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विशेष छूट विधेयक 2025 के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कैबिनेट ने झारखंड सचिवालय सेवा अंतर्गत सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की कोटि से प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति से संबंधित झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली 2010 के अंतर्गत सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रावधान को एक वारीय सुविधा के रूप में शिथिल करने की स्वीकृति प्रदान की है।

**छह कर्मियों की सेवा नियमित करने की स्वाकृति :** मंत्री परिषद ने झारखंड हाई कोर्ट के द्वारा पारित आदेश अनुसार 6 कर्मियों की सेवा नियमितिकरण करने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय अनुपूरक विप्राण्या की घटनाओं का स्वीकृति के साथ-साथ झारखंड इकोनामिक सर्वे 2024-25 को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने के संबंध में घटनाओं पर स्वीकृति प्रदान की गई।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्राक्कलन की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रदान करने की कोशिश की गई है। इसके लिए राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 20825 पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 29175 पद सवीकृत किए गए हैं। कुल 50000 स्वीकृत पदों में से इंटरमीडिएट स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 2399 पद एवं स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद यानी कुल 3451 पद की स्वीकृति प्रदान की गई।

**मनरेगा योजना में गड़बड़ी करने वाली तत्कालीन बीडीओ बर्खास्त :** मनरेगा योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में निलंबित लातेहार के मनिका के तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी साधना जयपुरियार की सेवा बर्खास्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई। प्रधान महालेखाकार कार्यालय में राज्य कर्मियों से संबंधित कार्यों के लिए जारी डिजिटलीकरण के लिए मंत्रिपरिषद ने 50 लाख 3 हजार सात सौ का वित्तीय सहायता की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री परिषद ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत कार्य संविदा में संबंधित भुगतान के एक प्रस्ताव में निर्माण कार्य श्रेणी में दिनांक 18 |7 |2022 से प्रभावी जीएसटी दर 12% के स्थान पर 18% की वृद्धि के अंतर राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

**आधार से लिंक नहीं होने वाले एकाउंट में भी मंईयां योजना की राशि :** राज्य की वैसी महिला जिन्हें आधार से बैंक खाता लिंक नहीं होने की वजह से मंईयां योजना की राशि नहीं मिल रही है, हेमंत सरकार ने वैसी सभी महिलाओं को मार्च 2025 तक सम्मान राशि देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में मंगलवार 25 मार्च को हुई कैबिनेट की बैठक में मंत्रिपरिषद ने दिसंबर 2024 तक आधार लिंक बैंक खाता की अवधि बढ़ाते हुए इसे मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी है।

## चतरा में नवजात शिशु की खरीद-फरोख्त नर्सिंग होम को किया गया सील



**संवाददाता**

**चतराः** सिमरिया थाना परिसर के पीछे स्थित संजीवनी नर्सिंग होम में अवैध रूप से गर्भपात कराने और नवजात शिशु को बेचने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सन्नी राज और अंचलाधिकारी (सीओ) गौरव कुमार ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर नर्सिंग होम को सील कर दिया है।

सूचना के अनुसार, संजीवनी नर्सिंग होम में एक अविवाहित महिला का सात माह का गर्भपात कराया गया था और उसके स्वस्थ नवजात शिशु को पांच लाख रुपये में बेचा गया था। इस जानकारी की पुष्टि के लिए सीओ गौरव कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। जांच के दौरान अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की गई, जिसमें अविवाहित महिला के प्रसव की पुष्टि हुई।

हालांकि, नवजात शिशु कहां है, इस बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। जांच में यह भी पाया गया कि संजीवनी नर्सिंग होम का कोई वैध पंजीकरण नहीं है और वहां अवैध रूप से गर्भपात किया जा रहा था।

जांच के दौरान अस्पताल के संचालक सुदर्शन कुमार उर्फ सुमन कुमार और गर्भपात में शामिल एएनएम विभा कुमारी का नाम सामने आया। पूछताछ में एएनएम विभा कुमारी ने गर्भपात कराने की बात स्वीकार की और बताया कि नवजात का अंतिम संस्कार हजारीबाग मुक्तिधाम में किया गया है। सीओ गौरव कुमार ने बताया कि 'उन्हें सूचना मिली थी कि संजीवनी नर्सिंग होम में अवैध तरीके से प्रसव कराया जा रहा है और नवजात शिशु को बेचने की तैयारी थी। छापेमारी के दौरान नर्सिंग होम का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। एएनएम ने गर्भपात कराने की बात स्वीकार की है, लेकिन नवजात को हजारीबाग ले जाकर अंतिम संस्कार करने का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' गौरव कुमार ने कहा कि कानून के अनुसार, बिना वैध पंजीकरण के कोई भी अस्पताल भ्रूण जांच या गर्भपात नहीं कर सकता। यदि गर्भपात के दौरान या बाद में बच्चे की मृत्यु होती है, तो संबंधित व्यक्तियों पर हत्या का मामला दर्ज किया जा सकता है। प्रशासन ने संजीवनी नर्सिंग होम को सील कर दिया है और संचालक और एएनएम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील और गंभीर है। प्रशासन अब यह जांच कर रहा है कि क्या इस तरह की घटनाएं पहले भी यहां हो चुकी हैं और इस अवैध कार्य में और कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस और प्रशासन की टीम आगे की जांच में जुट गई है।

## यात्री शेड के दीवार के टकराने से युवक का मौत



**राहे :** थाना क्षेत्र के बुरुडीह आम बगान के समीप यात्री शेड के दिवाल में टकराने से बाइक सवार युवक का मौत हो गया है। घटना मंगलवार रात 10 बजे के आसपास बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार सिल्ली थाना क्षेत्र के बासुडीह गांव का 35 वर्षीय युवक कृष्णा महतो अपने मामा घर नावाडीह गांव आया हुआ था। रात को भोजन आदि करने के बाद सिल्ली जाने के लिए बाइक जेएच 09 एजेड 4868 लेकर घर से निकला। बुरुडीह आम बगान के समीप तेज रफ्तार में यात्री शेड के दिवाल को टक्कर मार दिया। टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। संभवतः टक्कर से ही युवक का मौत हुआ है। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने राहे पुलिस को सूचना दिया। थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स भेज दिया। इधर घटना की सूचना पर राहे जिप सदस्य बादल महतो,आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पशुपति अहीर, देवगुण महतो घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से घटना की जानकारी लिए ओर परिजनों को मदद करने का आश्वासन दिये।

## आधार सेंटर पर भीड़ की आफत, कोई मंईयां तो कोई राशन के लिए लगा है कतार में

**संवाददाता**



**गिरिडीहः** राशन कार्ड किसी भी व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसी दस्तावेज में नाम सही रहा तो लोगों को आयुष्मान भारत योजना, मंईयां सम्मान योजना जैसी लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। इस बीच राशन कार्ड के लिए केवाईसी का काम भी चल रहा है, जो अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। राशन कार्ड में केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित कर दी गई है। इसके तहत राशन कार्ड के सभी सदस्यों का सत्यापन किया जा रहा है। जिसके लिए लोगों का आधार कार्ड पूरी तरह से दुरुस्त रहना जरुरी है। ऐसे में आधार कार्ड को सही करवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

**संचालित 28 सेंटरों में हजारों की भीड़ :** गिरिडीह जिले के आधार सेंटरों में भी भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। हर सेंटर पर हर रोज सैकड़ों लोग पहुंच रहे हैं। इस संदर्भ में यूआईडी के नोडल पदाधिकारी अमित सिंह बताते हैं कि जिले में अभी 28 सेंटर पर आधार कार्ड बनाने, इसे सुधारने का काम चल रहा है। यह सेंटर शहर के अलावा प्रखंड एवं बैंक की शाखाओं में संचालित हैं।

उन्होंने बताया कि जिले में सिर्फ दो प्रखंड देवरी और सरिया में सेंटर नहीं संचालित हो पा रहा है। इसके पीछे की वजह ऑपरेटर का ब्लैकलिस्ट होना है। दोनों स्थानों पर नए ऑपरेटर की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी हाल के कुछेक दिनों से आधार सेंटर पर लोगों की अधिक भीड़ उमड़ पड़ी है।

**हर कुछ जल्दी में कैसे होगा :** इधर समाहरणालय में अवस्थित सेंटर में भी भारी भीड़ उमड़ रही है। समाहरणालय में सुबह 5 बजे से ही लोग पहुंच रहे हैं। सेंटर पर पहुंचने वाला हर व्यक्ति इसी उम्मीद से आ रहा हैं कि उनका काम जल्दी हो जाएगा। समाहरणालय ऑपरेटर बसंत कुमार कहते हैं कि उनके यहां एक दिन में 30 लोगों का ही आधार अपडेट हो पा रहा है। लेकिन भीड़ हर रोज 3 से 4 सौ की पहुंच रही है। हर कोई तुरंत ही काम चाहता है।

प्रखंड में नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय तक लगा डाली दौड़जिन्हें जल्दी आधार कार्ड अपडेट करवाना है, वे प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगा रहे हैं। जमुआ के खरगडीहा से अपने दिव्यांग पुत्र को लेकर गिरिडीह समाहरणालय पहुंचे मो एम आलम बताते हैं कि उनका बेटा दिव्यांग है। राशन कार्ड के लिए हो रहे केवाईसी में उसके बेटा का अंगूठा नहीं ले रहा है। वे जमुआ के सेंटर गए थे, लेकिन वहां के ऑपरेटर के द्वारा टाल-मटोल किया जाने लगा। ऐसे में वे जिला मुख्यालय पहुंचे और यहां के ऑपरेटर को अपनी पीड़ा बताई तो उनके द्वारा मदद की गई। यहां खड़ी भीड़ से निवेदन कर उनके पुत्र को जगह दिया गया और फिर आधार अपडेट किया गया।काम नहीं होने पर निराश होकर लौट रहे लोग

मधुबन से गिरिडीह पहुंचे सुमन कुमार सिन्हा समेत कई लोगों को बैरंग ही लौटना पड़ा। सुमन सिन्हा बताते हैं कि उन्हें भी आधार कार्ड अपडेट करवाना है। वे पीरटांड प्रखंड गए, लेकिन वहां पर काम नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय आए। लेकिन यहां आफत भीड़ है और नंबर भी 15-20 दिन बाद का मिल रहा है। वहीं शहर के रहने वाले अमित लहेरी का कहना है कि स्कूल में जमा करने के लिए उन्हें अपने बेटे का आधार कार्ड अपडेट करवाना था, लेकिन नंबर ही 10 अप्रैल के बाद का आ रहा है। इनका कहना है कि आधार कार्ड बनाने और अपडेट कराने के सेंटर को बढ़ाने की जरूरत है।

**आपूर्ति विभाग चला रहा है अभियान :** दूसरी तरफ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आने वाले पीला एवं गुलाबी राशन कार्ड धारकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी करने के उद्देश्य से जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन किया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने बताया कि आमजन को ई-केवाईसी की अनिवार्यता और प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों का आधार सीडिंग अनिवार्य किया गया है। इसके तहत जिले के सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्ड धारकों के निवास स्थान पर जाकर उनका ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है।

न्यूज IN ब्रीफ



## ई-केवाईसी के समय सीमा बढ़ाने व 2 जी को 4 जी में बदलने की मांग

**रांची :** झारखंड जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत जिन सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है, फिलहाल वह 2जी नेटवर्क से किया जा रहा है ,जिसके कारण प्रायः सर्वर डाउन होने की स्थिति में कार्ड धारकों को लंबे समय तक इंतजार करने के बाद अंतः वापस लौटना पड़ रहा है। जिससे अधिकांश गरीब और लाचार उपभोक्ताओं को अपने दैनिक रोजगार एवं मजदूरी में दैनिक वेतन की क्षति हो रही है। इस संबंध में झारखंड प्रदेश राज्य कार्यकारिणी के सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री सहित खाद्य आपूर्ति मंत्री को ज्ञापन सौंप कर उक्त मांग पर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा है कि गरीब - गुरबा जन वितरण प्रणाली उपभोक्ताओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द 4ऋ नेटवर्क उपलब्ध कराने की कृपा की जाए, जिससे उपभोक्ताओं को राशन लेने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े । साथ ही साथ केवाईसी की समय सीमा 31 मार्च 2025 से आगे करने का आदेश देने की कृपा की जाए। 2 जी एवं सर्वर के मुद्दे को नजर रखते हुए इतने लाभुकों का केवाईसी करना संभव नहीं लग रहा है। सरकार से केवाईसी पूर्ण करने के निर्धारित समय सीमा को आगे बढ़ाया जाय।

## श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल ने दूसरी मंगलवारी शोभायात्रा निकाली




**रांची :** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल ने दूसरी मंगलवारी शोभायात्रा निकाली । जो रातू रोड़ होटल बुलु करिस्टल के समीप से निकल कर रातू रोड होते हुए महावीर चौक पहुंची। बजरंगबली मंदिर मे झंडा पूजा किया गया ढ़ोल ताशा के साथ एवं अखाड़े के सभी लोग तलवारबाजी एवं तरह तरह का प्रदर्शन करते दिखे जिसमे मुख्य रूप से अध्यक्ष अमित सोनी कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सिंह संरक्षक शंकर प्रसाद, प्रेम चौधरी, मंजीत सिंह, मंटू सिंह, नीरज कुमार, गौतम रीत राज, संतोष गुप्ता, मिक्की बर्मन संयोजक पवन मिश्रा सह संयोजक गुड्डू नायक अधिवक्ता कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा वरिया उपध्यक्ष हरि गोप, अंकित आनंद, अंकित सिंह, आनंद कुजूर उपध्यक्ष शुभम चौधरी, अभिषेक पासवान मंत्री सुंदरम सिंह महामंत्री बंटी सोनी सह मंत्री अंशु तिर्की, सागर सोनी, मनीष नायक उत्तम नायक कुमार गौरव प्रचार मंत्री मोहित सोनी जुलुस प्रभारी अंकित सोनी संतु यादव, करण पाठक, आयुष सोनी मिडिया प्रभारी राजवीर चौधरी, सौरव राय मौजूद थे।

## झारखंड में वाहनों का निबंधन चार दिन से ठप, डीलर्स परेशान

**रांची :** राज्य में नए वाहनों का निबंधन कार्य चार दिन से पूरी तरह ठप है। डीलर्स के मुताबिक, पेमेंट गेटवे से ओटीपी जेनरेट नहीं होने के कारण नए वाहनों का निबंधन नहीं हो पा रहा है। वहीं, इससे दो पहिया और चार पहिया वाहन डीलर्स को नए वाहनों की डिलीवरी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेमेंट गेटवे में तकनीकी समस्या के कारण राज्य में रजिस्ट्री का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। रजिस्ट्री कार्यालयों से मिली जानकारी के अनुसार गेटवे में खराबी के कारण निबंधन कार्य भी काफी धीमी गति से हो रहा है। क्या है निबंधन की प्रक्रिया, कहां परेशानी डीलर्स के मुताबिक जब वे नए वाहनों के निबंधन के लिए वाहन पोर्टल पर निबंधन के लिए पेमेंट करने जा रहे हैं तो ओटीपी जेनरेट नहीं हो रहा है। इससे गेटवे से उनका अथॉराइजेशन नहीं हो पा रहा है। पेमेंट नहीं होने के कारण वे निबंधन की प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

**रजिस्ट्री का काम भी हो रहा प्रभावित, निबंधन की गति धीमी :** इधर, ई-ग्रास पेमेंट गेटवे में तकनीकी खराबी की वजह से राज्य में रजिस्ट्री का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। रजिस्ट्री कार्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन में गेटवे की समस्या के कारण निबंधन कार्य भी आंशिक रूप से प्रभावित है। दिन में धीमी गति से निबंधन हो रहा है। वहीं, किसी भी जमीन की रजिस्ट्री सेम डे नहीं हो पा रही है।

### झारखंड विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों का हंगामा

# हजारीबाग जुलूस में हुए पथराव पर भड़का विपक्ष




संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा सत्र के 19वें दिन बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों का हंगामा शुरू हो गया। हजारीबाग में मंगलवारी जुलूस पर हुए पथराव के विरोध में भाजपा विधायक विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। इस दौरान भाजपा विधायक ह्लहिन्दू आस्था से खिलवाड़ बंद करोह्व लिखे नारे के तख्ते पकड़े नजर आएं। हालांकि थोड़ी देर बाद मामला शांत हो गया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन के अंदर सरकार से सवाल किया कि हिंदुओं के त्योहार में पत्थर कौन चलाता है? इसके जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आयुक्त और आईजी से रिपोर्ट लेकर दूसरी पाली में इसका जवाब देने की बात कही है।

**मंगलवारी जुलूस में हुई पत्थरबाजी, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले :** हजारीबाग जिले के मेन रोड में दूसरी मंगलवारी जुलूस के दौरान रात करीब 10:30 बजे गाना बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया और दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। करीब आधे घंटे तक दोनों ओर से खूब पत्थरबाजी हुई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस के कई जवान भी इस पथराव में घायल हो गए। स्थिति बेकाबू होता देख उग्र भीड़ को तित्तर-बित्तर करने के लिए पुलिस ने 8-10 राउंड फायरिंग की और आंसू गैस के गोले भी दागे। जिसके बाद भीड़ शांत हुई। हालांकि स्थिति काबू में रखने के लिए इलाके में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### झारखंड आंदोलनकारियों को मिलेगा उत्तराखंड जैसा आरक्षण

# सरकारी नौकरी भी देगी हेमंत सोरेन सरकार

संवाददाता

**रांची :** प्रदेश की हेमंत सोरेन सरकार पुलिस की चार्जशीट में शामिल झारखंड आंदोलनकारियों को भी उत्तराखंड की तरह सम्मान राशि देने पर सरकार विचार करेगी। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में मंगलवार को यह बात कही। सत्ता पक्ष के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से उत्तराखंड की तरह झारखंड के जेल गए आंदोलनकारियों को छह हजार और जेल नहीं गए चिह्नित आंदोलनकारियों को 4.5 हजार रुपये सम्मान पेंशन राशि देने की मांग उठाई।

झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने भी उत्तराखंड की तरह सरकार के तृतीय और चतुर्थ पदों पर आंदोलनकारियों के आश्रितों को दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की मांग रखी। मथुरा प्रसाद ने कहा झारखंड अलग राज्य मिला, लेकिन झारखंड के आंदोलन में सम्मिलित आंदोलनकारियों को सम्मानजनक पेंशन एवं राज्य सरकार द्वारा नियोजन में आरक्षण नहीं मिलने के कारण उनके एवं उनके परिजनों की आर्थिक स्थिति अति दयनीय हो गई है और वे कुपोषण तथा अन्य घातक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

**तृतीय और चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति दी जाएगी :** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों को चिन्हित कर सम्मान, सुविधा, लाभ प्रदान किया जा रहा है। पुलिस फायरिंग या जेल में मृत या दिव्यांग हुए (40 से ज्यादा) आंदोलनकारियों के आश्रित परिवार के एक सदस्य को निर्धारित शैक्षणिक अर्हता के अनुरूप राज्य सरकार के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अन्य आंदोलकारियों के मामले में एक आश्रित के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सरकारी नियुक्ति में 5 का क्षैतिज आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। यह लाभ आन्दोलनकारी परिवार को एक ही बार देय होगा।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पार्टी महाधिवेशन को लेकर बैठक से संबंधित एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा है कि केंद्रीय कार्यालय में झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और प्रखंड के कार्यकताओं के साथ पार्टी के चल रहे प्रखंड व पंचायत गठन की गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**फिलहाल राज्य में क्या चल रही है व्यवस्था :** मंत्री ने कहा कि जेल में बंद आंदोलनकारियों को उनके जीवन काल या मृत्यु होने पर उनके एक आश्रित को जीवन काल तक सम्मान पेंशन दी जा रही है। जेल में तीन माह से कम समय तक रहने की स्थिति में 3,500 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इनकी संख्या 2014 है। तीन से छह माह तक जेल में रहे 49 आंदोलनकारी को 5,000 और छह माह से अधिक समय तक जेल में रहने पर 7,000 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि 41 को दी जा रही है। 13460 जेल नहीं गए थे।

**आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण का काम जारी :** मंत्री ने कहा कि वर्तमान में झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग द्वारा झारखंड आंदोलन के आंदोलनकारियों के चिह्नतीकरण का कार्य लगातार जारी है। अभी तक आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में कुल 16584 आंदोलनकारियों को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। कोई अन्य प्रस्ताव नहीं होने के कारण उपरोक्त सम्मान व सुविधा लाभ के अतिरिक्त अन्य कोई सुविधा प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव सरकार के समक्ष विचाराधीन नहीं है। इस पर मथुरा प्रसाद ने कहा कि वह सदन के समक्ष सवाल लाए हैं, ताकि सरकार जेल नहीं जाने वाले, लेकिन चार्जशीट में जिनका नाम है, उन आंदोलनकारियों को भी उत्तराखंड की तरह लाभ देने की पहल सरकार करे। इस पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार विचार करेगी।

## सरकार ने मांगें नहीं मानी तो सड़क पर उतरेंगे वित्तरहित शिक्षाकर्मी

**रांची :** झारखंड के वित्तरहित शिक्षकों व शिक्षा कर्मियों ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के बाहर उपवास में रहकर धरना दिया। अनुदान राशि में 75 प्रतिशत वृद्धि के संलेख को वित्त विभाग को भेजने और कार्मिक विभाग में राज्य कर्मी के दर्जा की फाइल चार वर्षों से लंबित रहने के मुख्य मांग को लेकर धरना का आयोजन किया गया था। धरना के बाद वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया। मोर्चा अब आगे राजभवन का घेराव करेगा और राज्यपाल को ज्ञापन देगा। मोर्चा 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि व राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांगों को लेकर अप्रैल के पहले सप्ताह में उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगा। जल्द दोनों मांगों पर निर्णय नहीं हुआ तो राज्यभर के शिक्षक कर्मचारी हाईवे को घेरेंगे और आवश्यकता पड़ी तो बच्चों के साथ अपने-अपने संस्थान के आगे रोड को जाम करेंगे।

## डीजीपी से मिले एसएसबी डीजी, नक्सल विरोधी अभियानों पर बनी रणनीति

**रांची:** झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को एसएसबी डीजी अमित मोहन प्रसाद ने झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात किए। इस मुलाकात के दौरान दोनों अधिकारियों ने झारखण्ड में नक्सल विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए नक्सल विरोधी रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही हाल के दिनों में नक्सल विरोधी अभियानों में प्राप्त सफलताओं की समीक्षा करते हुए भविष्य में इन अभियानों को और तेज करने के उपायों पर विचार विमर्श किया।

## करुणा व त्याग के भाव से रूबरू कराती है महादेवी की कविताएं

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनी महादेवी वर्मा की जयंती, विभिन्न प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे



संवाददाता

**रांची :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को हिंदी साहित्य की आधुनिक मीराबाई महादेवी वर्मा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने महादेवी वर्मा की जीवनी पर चर्चा की। श्री पांडेय ने कहा कि साहित्य छायावाद के चार प्रमुख स्तंभों में एक महादेवी वर्मा मानी जाती हैं। इनके साहित्य सर्वाधिक परिपूर्णता व प्रवहात्मकता का सार लिए हुए है। उनका गद्द विचारों का अनुपम उद्यान है। वह स्त्री की गरिमा व स्वतंत्रता की उद्घोषिका थीं। महादेवी ने कहा था भारतीय शास्त्रों में महिलाएं पुरुष की संगिनी रही हैं, उनकी छाया मात्र नहीं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि महादेवी वर्मा की लेखनी युवा पीढ़ी को संघर्ष की शिक्षा देती है। उनके कहे एक-एक शब्द हमें करुणा और त्याग जैसी भावों से रूबरू कराते हैं। महादेवी वर्मा ने गद्य, काव्य, शिक्षा सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किये। कवि निराला ने एक बार उन्हें हिंदी साहित्य के विशाल मंदिर की सरस्वती भी कहा था, क्योंकि महादेवी बहुत प्रतिभाशाली थीं। उन्होंने सिर्फ कविताएं ही नहीं लिखीं, बल्कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी लिखा और महिलाओं की मदद के लिए काम किया।महादेवी के काव्य संग्रहों में रश्मि, नीरजा, संध्या गीत, यामा, निहार, दीपशिखा, सप्तपर्णा सर्वाधिक पढ़े जाते हैं। महादेवी को पद्म भूषण, पद्म विभूषण, ज्ञानपीठ जैसे पुरस्कार मिले। जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के बीच महादेवी का जीवन परिचय, कविताएं, कहांनियों जुड़ी लिखित और मौखिक प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## शहर के ड्राई जोन इलाकों में रोस्टर से टैंकरों से निःशुल्क होगी जलापूर्ति

**रांची :** रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने कहा है कि गर्मी को लेकर ड्राई जोन में रोस्टर से टैंकरों के जरिए आमजन को निःशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस क्रम में शहरवासियों को जरूरत भर पानी मिलता रहेगा। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम प्रशासक ने मंगलवार को जलापूर्ति शाखा के मताहत अधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह वैसे सभी मुहल्लों को चिन्हित किया जाएगा, जो ड्राई जोन में हैं। ऐसे चिन्हित इलाकों में मोबाइल टैंकर से जरूरत के मुताबिक पानी उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास निगम की ओर से किया जाएगा। प्रशासक ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वार्ड क्षेत्र में लगे चापानल, मिनी एचवाईडीटी एवं एचवाईडीटी से संबंधित किसी भी तरह की शिकायतों का निपटारा 24 घंटे के अंदर करें।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक.................... दिनांक..................

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि खूँटी क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के घटक–IV Beneficiary Led Construction (BLC) की पात्रता पूर्ण करने वाले इच्छुक ऐसे लाभुक जो योजना का लाभ अब तक नहीं ले पाये हैं वे प्रज्ञा केन्द्र या स्वतः Online कर कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी में पूर्ण दस्तावेज दिनांक 3.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक जमा कर सकते है।

पात्रता मापदंडः
1. योजना अंतर्गत एक लाभार्थी परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
2. केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या स्थानीय स्वशासन द्वारा पिछले 20 वर्षो में आवास योजना का लाभ ना लिया हो।
3. आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर भारत वर्ष के किसी भी हिस्से में पक्का आवास ना हो।
4. आवेदक आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) से हों जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख तक हो।
5. आवेदक के पास आवास निर्माण हेतु पर्याप्त भूमि हो।
6. आवेदक प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत किसी एक घटक का ही लाभ ले सकता है।

आवेदन हेतु संलग्न दस्तावेजों की विवरणीः–
1. मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति।
2. आवेदक के परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड की छायाप्रति।(पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे)।
3. बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति।
4. आवेदक का एक्टिव मोबाईल नं0 जो आधार कार्ड से Linked होना आवश्यक है।
5. आवेदक का दो पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं परिवार के सभी सदस्यों को संयुक्त फोटोग्राफ (वर्त्तमान मकान सहित)।
6. भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ –पत्र।
7. भूमि से संबंधित कागजात।
8. जमीन का रसीद।
9. अंचल कार्यालय से निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।
10. जाति – प्रमाण पत्र।
11. आय – प्रमाण पत्र।
12. आवासीय –प्रमाण पत्र।

उक्त संबंधित जानकारी हेतु लाभार्थी खूँटी नगर पंचायत PMAY(U) कोषांग से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 349212 Urban Development(24-25)#D


### मुख्यमंत्री मंईयां योजना को लेकर जिला प्रशासन ने की बैठक

# महिलाओं के स्वावलंबन पर जोर

संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अंचल अधिकारी (सीओ), प्रखंड बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक और जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि शामिल हुए।

**फार्म सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश :** बैठक में अधिकारियों को योजना के तहत लाभार्थियों के फार्म सत्यापन कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिन लाभार्थियों के खातों में अभी तक सम्मान राशि नहीं पहुंची है, उन्हें सत्यापन के बाद योग्य पाए जाने पर योजना का लाभ दिया जाएगा।

**महिलाओं के स्वावलंबन पर विशेष फोकस :** जिला प्रशासन ने इस योजना को महिलाओं के आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए मंईयां सम्मान से मंईयां स्वावलंबन का मंत्र अपनाने पर जोर दिया है। योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी महिला को सालाना 30,000 रुपये की सम्मान राशि दी जाती है, जिसका सदुपयोग कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे।

**शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू क्रियान्वयन :** बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर बीडीओ-सीओ और शहरी क्षेत्रों में जोनल मैनेजर सत्यापन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे ताकि किसी भी सेविका या लाभार्थी को कोई असुविधा न हो। साथ ही नगर निगम अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में सत्यापन प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

**जिला प्रशासन ने भरोसा दिलाया :** जिला प्रशासन ने यह भरोसा दिलाया कि योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे ताकि यह केवल एक वित्तीय सहायता न रहकर महिलाओं के स्वावलंबन का जरिया भी बने।


**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(विकास शाखा)**

**–: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :–**

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी, सदर, कटकमदाग एवं दारु प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन, प्रतिभा का विकास व्यक्तित्व का विकास एवं मौलिक विकास के लिए विद्यालय में पुस्तकालय हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों / आपूर्तिकर्त्ताओं / पुस्तक विक्रेताओं से ज्ञानोपयोगी पुस्तकों के क्रय / आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | निविदा का प्रकार | विद्यालयों की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राशि | प्रतिभूति राशि (@1% of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटकमसांडी, सदर, कटकमदाग एवं दारु प्रखण्ड अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय। | 61 | 120 (चार सेट में) कुल 480 पुस्तक प्रति विद्यालय | 12200000.00 (प्रति विद्यालय 200000.00) | 122000.00 | 11 April, 2025 till 11:00 AM | 11 April, 2025 at 04:00 PM | Single Stage Two Envelope Basis |

पुस्तकों की सूची एवं विशेष जानकारी हेतु वेबसाईट www.hazaribag.nic.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,हजारीबाग

PR 349201 Rural Development(24-25).D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

# परिसीमन का पेच

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की अगुआई में हुई संयुक्त कार्रवाई समिति (JAC) की बैठक से स्पष्ट हो गया है कि इसमें शामिल हुए दलों के लिए परिसीमन कितना संजीदा मुद्दा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू NDA का हिस्सा होने के बावजूद अपने ढंग से इस मसले को उठा चुके थे, लेकिन पिछले कुछ समय से इस पर स्टालिन काफी मुखर नजर आ रहे थे। खैर, खअउ में परिसीमन प्रक्रिया को और 25 वर्षों के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

परिसीमन स्थगित करने के प्रस्ताव को एक सुझाव के रूप में लिया जाए तो बैठक के दौरान इन नेताओं का जोर इस पर दिखा कि वे विरोध परिसीमन का नहीं बल्कि इस प्रक्रिया में निहित और संभावित अन्याय का कर रहे हैं। हालांकि, केंद्र की NDA सरकार की तरफ से यह बात साफ की जा चुकी है कि दक्षिणी राज्यों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इन दोनों पहलुओं को पॉजिटिव नजरिए से देखा जाए तो संवाद के जरिए कोई हल निकलने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

सवाल है कि ऐसे में संवाद के बजाय टकराव बढ़ता क्यों दिख रहा है। इसके पीछे पिछले कुछ समय से केंद्र और राज्यों के बीच बढ़ी दूरी की भी अहम भूमिका है। चाहे, विरोधी दलों के शासन वाले कुछ राज्यों में राज्यपालों की अति सक्रियता का सवाल हो या त्रिभाषा फॉम्युर्ले पर हुई बयानबाजी का या फिर कर-राजस्व आवंटन में होने वाले कथित भेदभाव संबंधी आरोपों का- कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनी है कि राज्यों की हैसियत धीरे-धीरे घट रही है।

समझना होगा कि इस बहस के मूल में दो बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला लोकतंत्र और दूसरा संघात्मक ढांचा। लोकतंत्र संख्या के हिसाब से हिस्सेदारी की बात करता है तो संघात्मक ढांचा राज्यों की समान हैसियत सुनिश्चित करने की गारंटी देता है। दोनों में से किसी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

अगर यह बात सही है कि परिसीमन को अनंतकाल तक स्थगित किए रहना कोई हल नहीं हो सकता तो इसमें भी दो राय नहीं कि किसी राज्य को जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने की सजा नहीं मिलनी चाहिए। ऐसे में रास्ता एक ही है कि केंद्र किसी के साथ अन्याय न होने देने के अपने संकल्प से आगे बढ़कर कुछ राज्यों में जोर पकड़ती अन्याय की आशंका को संबोधित करे और उसे दूर करने का प्रयास करे।

# हंसी में उड़ाएं

स्टैंडअप कमीडियन कुणाल कामरा के शो के बाद जिस तरह से गुस्साए शिवसैनिकों ने आयोजनस्थल में तोड़फोड़ मचाई और उन्हें धमकियां दे रहे हैं, वह न केवल कानून-व्यवस्था के हालात पर प्रतिकूल टिप्पणी है बल्कि हास्य-व्यंग्य को बर्दाश्त करने की राजनीति की क्षमता पर भी सवाल उठाता है। अफसोस की बात है कि देश में ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिनमें आहत होती भावनाएं अभिव्यक्ति की आजादी पर भारी पड़ जाती हैं।

जहां तक मुंबई पुलिस की इस घटना पर प्रतिक्रिया का सवाल है तो यह अच्छी बात है कि उसने दोनों पक्षों की शिकायतों पर ध्यान दिया है। कमीडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है तो तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी ऋक्षक्र दर्ज की गई है। लेकिन यह पहला ही कदम है। आगे उसकी जांच किस तरह से आगे बढ़ती है और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कैसी दिशा लेती है, यह देखना बाकी है। इस पूरे प्रकरण का एक निराशाजनक नतीजा मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमिडी क्लब बंद किए जाने की घोषणा के रूप में सामने आया। क्लब के मालिकों के मुताबिक, जब भी किसी शो को लेकर विवाद होता है तो उन्हें टारगेट किया जाने लगता है। हालांकि शो के दौरान जो भी परफॉरमेंस होती है, उसके कंटेंट से उनका कोई लेना-देना नहीं होता। बहरहाल, इस तरह के क्लब का बंद होना कला और संस्कृति की उन्नत चेतना के लिए जाने जाने वाले महाराष्ट्र जैसे राज्य की छवि के लिए नुकसानदेह है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में शो के कंटेंट पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि राज्य में कॉमिडी करने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कई कुछ भी बोले। इसमें दो राय नहीं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। और हर कोई अपने बोले शब्दों के लिए कानून के आगे जिम्मेदार है। लेकिन क्या यह जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए किसी ग्रुप को कानून अपने हाथ में लेने दिया जाएगा? खबरों के मुताबिक, इस शो में निशाना महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और शिवसेना के लीडर एकनाथ शिंदे को बनाया गया था। शो में कही गई बातों से सहमत होना कतई जरूरी नहीं है। लेकिन आखिरकार वह एक हंसी-मजाक का शो था और उसे इसी नजर से देखा जाना चाहिए।

# असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने के 'इतिहास' का नाम है 'औरंगजेब'

हिन्दुओं को भारत में ही अपमानित करने के साथ उसने राज्य की सेवाओं से हटाने की भी कार्रवाई की थी। असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने, देवी-देवताओं की मूर्तियों को अपमानित कर तोड़ने के इतिहास का नाम है औरंगजेब।औरंगजेब ने कभी मानवीय मूल्यों को नहीं समझा। वह भारत को दारुल हरब में परिवर्तित करने के लिए जीवन भर जुटा रहा। प्रत्येक भारतवासी को यह बात समझना होगा ।

**अरुण कुमार दीक्षित**

औरंगजेब एक धर्मांध शासक था। औरंगजेब ने इस्लाम को राज्य धर्म बनाया। बहुसंख्यक हिंदुओं को इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया। उसने सामाजिक, राजनीतिक दुर्व्यवहार किया। वह कभी भी सर्व समाज का हितैषी नहीं रहा। सम्पूर्ण मानवता के लिए कभी स्वीकार करने वाला शासक नहीं बन पाया। साम्राज्य जरूर बढ़ता गया। उसने हिन्दुओं के प्रति ही नहीं शिया मुसलमानों के प्रति भी घृणित आचरण किया। राज्य की सेवाओं में शियाओं को औरंगजेब ने पृथक कर रखा था। औरंगजेब की क्रूरता की पराकाष्ठा इस सीमा तक थी, कि उसने हिन्दुओं पर (जजिया) तीर्थ कर व्यापारिक कर जैसी कठोरताएं की थी। हिन्दुओं को भारत में ही अपमानित करने के साथ उसने राज्य की सेवाओं से हटाने की भी कार्रवाई की थी। असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने, देवी-देवताओं की मूर्तियों को अपमानित कर तोड़ने के इतिहास का नाम है औरंगजेब।औरंगजेब ने कभी मानवीय मूल्यों को नहीं समझा। वह भारत को दारुल हरब में परिवर्तित करने के लिए जीवन भर जुटा रहा। प्रत्येक भारतवासी को यह बात समझना होगा कि वह विदेशी हमलावर था। वह लाखों कत्ल करने वाले तैमूरलंग, बाबर, नादिरशाह, गजनी, गोरी, गाजी, खिलजी की तरह लुटेरा युद्ध पिपासु था। इन विदेशी आक्रांताओं ने लगातार मंदिरों,नगरों, गांवों को लूटा। कत्लेआम किया। भारत की संस्कृति, सभ्यता को तहस-नहस करने में कोताही नहीं बरती। बावजूद इसके भारत मे इनकी तरफदारी करने वाले अनेक लोग सक्रिय हैं। औरंगजेब को लेकर पूरे राष्ट्र में बहस है। एक तरफ बहस में भारत को एक संस्कृति एक राष्ट्र मानने जानने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ विदेशी आक्रमणकारियों को उनके सैकड़ों वर्ष मृत्यु के पश्चात गले लगाने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। उनके प्रतीकों को लेकर हल्ला मचा रहे हैं।

ऐसी स्थितियां भारत के मन को चिंतित और व्यथित करने वाली हैं। इससे अनेक प्रश्न भी उभर रहे हैं। भारत के वह लोग जो विदेशी हमलावरों की स्मृतियों को आखिर क्यों सजाने और संवारने को लेकर तत्पर हैं। झगड़े पर आमादा हैं। यह प्रश्न राजनीतिक नहीं है। यह भारत के ₹स्व₹ और भारत की संस्कृति पर हमला है। भारत की रिद्धि, सिद्धि और समृद्धि से जुड़े प्रश्न हैं। इस पर तो बात होनी ही चाहिए कि विदेशी आक्रांताओं का महिमा मण्डन करने वाले आखिर चाहते क्या है ? औरंगजेब के कालखंड में हिन्दू अपने मंदिरों की मरम्मत नहीं कर सकते थे। उसका सीधा आदेश था कि मंदिरों की मरम्मत न करने दी जाए। उसने अपने सूबेदारों को सभी हिन्दू मंदिरों एवं पाठशालाओं को तोड़ने की आज्ञा भी दी थी। इससे हिन्दू अपने धर्म की शिक्षा का प्रचार प्रसार न कर पाएं। बनारस का विश्वनाथ मंदिर, मथुरा का केशव देव मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर ध्वस्त किए गए। साथ ही अधिकांश उत्तर भारत के बड़े-बड़े मंदिरों को तोड़ दिया गया था। औरंगजेब के अधीनस्थ हिन्दू राजाओं के राज्यों में भी मंदिर, पाठशालाएं ध्वस्त की गईं। इन सभी स्थानों पर औरंगजेब के आदेश अनुसार मस्जिद बनाई गईं। 1679 में हिंदुओं पर जजिया (धार्मिक कर) लगा दिया गया। इसके लिए सभी गैर मुसलमानों को तीन वर्गों में बांटा गया। हिन्दुओं पर तीर्थ यात्रा कर लगाया गया। जबकि मुसलमान तो व्यापारिक कर से भी मुक्त थे। हिन्दू व्यापारियों से वस्तुओं के मूल्य का पांच फीसदी धन ₹कर ₹के रूप में लिया जा रहा था। हिन्दुओं को लगान और विशेष स्थान की नियुक्तियों से हटा दिया गया था। साल 1674 में गुजरात में धार्मिक अनुदान में हिन्दुओं को दी गई भूमि को जब्त कर लिया गया। 1688 में हिन्दुओं के त्योहार और उत्सव पर प्रतिबंध लगाया गया था। उसी समय राजपूतों के अतिरिक्त सभी हिन्दुओं को पालकी या अच्छे घोड़े की सवारी करने और हथियार रखने से भी रोक दिया गया था। इस तरह की प्रताड़ना का सीधा अर्थ धर्म परिवर्तन ही था। इतिहासकार लेनपूल ने लिखा है, "अपने इतिहास में मुगलों ने पहली बार एक कट्टर मुसलमान को बादशाह के रूप में देखा। औरंगजेब 40 वर्ष की आयु में बादशाह बना था।" उसकी धार्मिक असहिष्णुता के कार्यों पर विचार करते हुए डॉ. एसआर शर्मा ने लिखा, "ये सभी कार्य एक योग्य शासक अथवा एक निर्माणकर्ता राजनीतिज्ञ के नहीं थे, बल्कि एक अंधी धर्मांधता का विस्फोट था जो, उन्हें निःसंदेह अन्य सभी क्षेत्रों में मेधावी औरंगजेब के लिए शोभनीय न था।"

औरंगजेब की धार्मिक नीति के विरुद्ध पहला संगठित विद्रोह जाटों ने किया था। मथुरा में वीर सिंह बुंदेला द्वारा बनवाए गए केशव देव मंदिर को तोड़कर उसी स्थान पर मस्जिद स्थापित की। औरंगजेब वास्तव में राजपूतों के स्वतंत्र अस्तित्व को समाप्त करना चाहता था। शिवाजी भारत के राष्ट्रनायक थे। मुगलों से शिवाजी का पहला संघर्ष 1656 ई. में हुआ। 1660 में शिवाजी का बीजापुर और दक्षिण के सूबेदारों संघर्ष हुआ। राजा जयसिंह के समझाने पर शिवाजी 1666 में औरंगजेब से मिलने आगरा आए। वहां औरंगजेब ने शिवाजी को नजरबंद कर दिया। शिवाजी वहां से अपनी बुद्धिमत्ता और चतुराई से वापस महाराष्ट्र पहुंच गए। तीन वर्ष संघर्ष रुका रहा। 16 जून 1674 ई. को रायगढ़ में बनारस के वैदिक अध्येता पं. विश्वेश्वर गागभट्ट ने शिवाजी का राज्याभिषेक किया। ₹छत्रपति₹ शिवाजी की उपाधि धारण कर उन्होंने एक स्वतंत्र हिंदू राज्य की स्थापना की। 14 अप्रैल 1680 ई. में शिवाजी की मृत्यु हो गई। औरंगजेब कभी भी शिवाजी से युद्ध में सफलता नहीं पा सका (पृष्ठ संख्या 131,158 मध्यकालीन इतिहास एलपी शर्मा)। मराठों का औरंगजेब से संघर्ष आजीवन चला। औरंगजेब कभी सफल नहीं हुआ। 3 मार्च 1707 में औरंगजेब की मृत्यु हुई। उसे दौलताबाद से चार मील दूर शेख जैन उल हक के मजार के निकट दफन किया गया।

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति अपने धर्म, दार्शनिक विचार, कविता, साहित्य और कला आदि के रूप में अभिव्यक्त करती है। भारत की संस्कृति ने अपने को जिस रूप में अभिव्यक्त किया है, उसकी मुख्य विशेषता अध्यात्म की भावना है। भारत का इतिहास प्राचीन है। यहां की सभ्यता संसार की प्राचीन सभ्यताओं में गिनी जाती है। वेद दुनिया का प्राचीनतम अभिलेख है। प्राचीन संसार की अनेक सभ्यताएं नष्ट हो चुकी है। वेद, उपनिषद , गीता ज्ञान की धारा आज भी प्रवाहमान है। भारत की संस्कृति में राम, कृष्ण, बुद्ध और महावीर की सर्व भूत हिते रतः की धारा है। भारत ने अपने गौरवशाली इतिहास को लगातार विकसित किया है। वही इतिहास भारतीय संस्कृति है। एक तरफ भारत की सहिष्णु संस्कृति है। दूसरी ओर हिंसक रक्तपात करने वालों का कलुषित इतिहास है। वह भारत की संस्कृति सभ्यता पर सांस्कृतिक प्रतिमानों पर सदियों से हमलावर रहने वाले है। विध्वंसक हैं। पूर्व में एक शासन पूरे भारत में न रहना अलग बात है। मगर भारतीय अनुभूति यही रही है कि राष्ट्र धार्मिक,साहित्यिक, सांस्कृतिक रूप से एक है। यह कम से कम राजनीतिक क्षेत्र में अभिव्यक्त होना चाहिए।

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि मुस्लिम धमार्चार्यों के अनुसार दो प्रकार के देश होते थे। जिन देशों के निवासी मुसलमान हों, उन्हें वे ₹दारुल इस्लाम₹ शांति मय देश कहते थे। और जहां इस्लाम का प्रचार न हो उन्हें वे ₹दारुल हरब₹ युद्धस्थली समझते थे। मुस्लिम धमार्चार्यों का मत था, कि ₹दारुल हरब₹ के खिलाफ जिहाद करना और उनको जीतकर इस्लाम के झंडे के नीचे ले आना मुसलमानों का धार्मिक कर्तव्य है। भारत में इस्लाम का प्रथम प्रवेश अरब साम्राज्य के संगठित होने पर 712 ईस्वी में एक अरब सेनापति मोहम्मद बिन कासिम ने भारत के सिंध प्रांत में आक्रमण किया था। जीतकर अपने कब्जे में लिया था। तब से अब तक हमले जारी हैं। आज भारत पूरी दुनिया में मजबूती के साथ खड़ा है। दुनिया के देश भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रत्येक भारतवासी का कर्तव्य होना चाहिए कि वह राष्ट्र के ममत्व एकत्व के जागरण में रहे। विभिन्न सम्प्रदायों, पंथिक आस्थाओं का लक्ष्य राष्ट्र सर्वोपरि ही होना है। यहीं से वसुधैव कुटुम्बकम का राजमार्ग जाता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत का पानी पर बड़ा संदेश

जल संसाधन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। वर्ष 2025 में पीने के पानी की मांग 1,093 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 2050 तक यह 1,447 बीसीएम हो सकती है। इस परिदृश्य के बीच जल शक्तिमंत्री की यह आशवस्ति यह संकेत देती है कि भारत जल संकट से पार पाने के भरपूर इंतजाम कर रहा है।

**मुकुंद**

इसी महीने 22 मार्च को मनाए गए विश्व जल दिवस पर भारत ने पूरी दृढ़ता के साथ दुनिया को बड़ा संदेश दिया है। हरियाणा के पंचकूला में 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2025' की शुरूआत करते हुए केंद्रीय जल शक्तिमंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि अगर कभी पानी को लेकर तीसरा विश्व युद्ध लड़ा गया तो भारत उसका हिस्सा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल सुरक्षित भविष्य का निर्माण किया जा रहा है। पाटिल की यह टिप्पणी बेहद अहम है। इसकी वजह यह है कि दुनिया का 70 फीसदी हिस्सा पानी से तो घिरा है, लेकिन उसमें से पीने योग्य पानी लगभग तीन फीसदी है। 97 फीसदी पानी ऐसा है जो पीने योग्य ही नहीं है। सिर्फ तीन फीसदी पानी पर पूरी दुनिया जीवित है। जल संसाधन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में एक वर्ष में उपयोग किए जाने वाले जल की शुद्ध मात्रा अनुमानित 1,121 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। वर्ष 2025 में पीने के पानी की मांग 1,093 बीसीएम तक पहुंच सकती है। 2050 तक यह 1,447 बीसीएम हो सकती है।

इस परिदृश्य के बीच जल शक्तिमंत्री की यह आशवस्ति यह संकेत देती है कि भारत जल संकट से पार पाने के भरपूर इंतजाम कर रहा है। वैसे भी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। मानव सभ्यता में जल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए वह भावी पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य संसाधन की सुरक्षा के लिए सामूहिक कार्रवाई का देशवासियों से आह्वान कर चुके हैं। यह कहने में कोई परहेज नहीं है कि देशवासी उनके आह्वान को गर्व के साथ लेते हैं। वह चाहे गंगा की सफाई का आह्वान हो या स्वच्छता अभियान। साल 2014 के बाद दोनों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। इस साल जल शक्ति मंत्रालय ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'जल शक्ति अभियानः कैच द रेन- 2025' शुरू किया है। इसमें देश के 148 जिलों को जोड़ा गया है, क्योंकि यहां जल संकट की आशंका जताई जा रही थी। ₹जल संचय, जन भागीदारीः जन जागरूकता की ओर₹ थीम वाले इस अभियान में जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जल चुनौतियों के मद्देनजर जल सुरक्षा, वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण के महत्व पर जोर दिया गया है। इस आयोजन के दौरान ही वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सहयोग से ₹जल-जंगल-जनः एक प्राकृतिक बंधन अभियान₹ भी शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य जंगलों, नदियों और झरनों के बीच पारिस्थितिक संबंधों को बहाल करना है। जल शक्तिमंत्री पाटिल ने कहा कि भारत के जल क्षेत्र में परिवर्तनकारी प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। आज पूरे देश में नागरिकों के दरवाजों तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। उन्होंने दोहराया कि सामुदायिक भागीदारी महत्वपूर्ण है और प्रत्येक नागरिक के योगदान से ही वास्तविक अर्थ में जल सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है।पाटिल ने कहा कि जहां भी बारिश हो उसे इकट्ठा कर वहीं रिचार्ज करना होगा।

पंचकूला में जल शक्ति अभियान और स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें शामिल हैं-वर्षा जल संचयन प्रणाली, बोरवेल रिचार्ज परियोजना, सूक्ष्म सिंचाई पहल, तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, गोबरधन परियोजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड प्रमुख हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जल संरक्षण के लिए समावेशी और रणनीतिक दृष्टिकोण की नींव रखी गई है।सरकार ने ₹हर बूंद अनमोल₹ (हर बूंद मायने रखती है) के सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।मगर विश्व जल दिवस पर व्यक्त की गई कुछ आशंकाओं पर भी गौर करना होगा। मसलन जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी को खुला पत्र लिखकर भारत से ग्लेशियरों के संरक्षण में नेतृत्व करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्लेशियरों को बचाने के कदम नहीं उठाए गए, तो अगले महाकुंभ तक नदियां सूखकर रेत में बदल सकती हैं। वांगचुक हाल ही में अमेरिका की यात्रा से लौटे हैं। वांगचुक ने लद्दाख में एक ग्लेशियर से बर्फ का एक टुकड़ा लेकर अपनी यात्रा शुरू की थी। ताकि जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलते ग्लेशियरों की समस्या की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया जा सके। वांगचुक ने पत्र में लिखा है कि भारत को ग्लेशियरों के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि हिमालय पृथ्वी पर आर्कटिक और अंटार्कटिका के बाद बर्फ और बर्फीले पानी का तीसरा सबसे बड़ा भंडार है और इसे तीसरे ध्रुव के नाम से भी जाना जाता है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी इन ग्लेशियरों से निकलती हैं। वांगचुक प्रधानमंत्री मोदी की 'मिशन लाइफ' योजना की सराहना करते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे प्रमुख ग्लेशियरों को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाना चाहिए और उनके संरक्षण के लिए खास नीतियां बनानी चाहिए।

# ओडिशा का एक अद्भुत पर्यटन स्थल चिलिका झील

चिलिका झील, जो ओडिशा राज्य के पुरी, गंजम और खोरधा जिलों में फैली हुई है, भारत की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील और एशिया की तीसरी सबसे बड़ी झील है। यह झील अपने प्राकृतिक सौंदर्य, विविध वन्यजीवों और पक्षी अभयारण्यों के लिए प्रसिद्ध है। चिलिका झील न केवल पर्यटकों के लिए एक आकर्षक स्थल है, बल्कि यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह स्थल विशेष रूप से पक्षी प्रेमियों, प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण में रुचि रखने वाले लोगों के लिए आदर्श स्थल है।



**चिलिका झील का महत्व**

चिलिका झील का क्षेत्रफल लगभग 1,100 वर्ग किलोमीटर है और यह मरीन और ताजे पानी का अद्भुत मिश्रण है। यहाँ की जलवायु और पारिस्थितिकी तंत्र इसे विभिन्न प्रकार के पक्षियों, मछलियों और अन्य जल जीवों का आदर्श घर बनाती है। चिलिका को 'पक्षी अभयारण्य' के रूप में भी जाना जाता है, और यह स्थान दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए एक प्रमुख ठिकाना बन चुका है।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. पक्षी अभयारण्य**

चिलिका झील एक प्रमुख पक्षी अभयारण्य है, जहां हर साल सर्दियों में लाखों प्रवासी पक्षी आते हैं। इनमें से कई पक्षी साइबेरिया, मंगोलिया, और अन्य दूर-दराज के क्षेत्रों से आते हैं। यहाँ का नालबाना क्षेत्र यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त पक्षी अभयारण्य है। सर्दियों के दौरान यहाँ विभिन्न प्रकार के जलपक्षी, जैसे कि बगुला, हंस, और पेट्रल्स देखे जा सकते हैं। यह स्थान पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग के समान है, जहां उन्हें असंख्य पक्षी प्रजातियों का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है।

**2. बोटिंग और जल क्रीड़ा**

चिलिका झील में बोटिंग का अनुभव भी बहुत लोकप्रिय है। पर्यटक झील में बोट की सवारी करके उसकी शांत सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। बोटिंग के दौरान आप झील के बीच स्थित छोटे-छोटे द्वीपों को भी देख सकते हैं। इन द्वीपों पर स्थित किलों, मछली पकड़ने के गाँवों और प्राकृतिक सौंदर्य को देखना एक अद्वितीय अनुभव होता है। इसके अलावा, जल क्रीड़ा जैसे कयाकिंग और पेडल बोटिंग भी यहाँ की लोकप्रिय गतिविधियाँ हैं।

**3. घटकई द्वीप**

चिलिका झील में स्थित घटकई द्वीप एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। यह द्वीप अपनी प्राकृतिक सुंदरता और अद्वितीय शांति के लिए जाना जाता है। यहाँ के साफ पानी और हरियाली में पर्यटकों को एक अद्भुत अनुभव मिलता है। इस द्वीप पर आप हरे-भरे बागों और छोटे से बीच का आनंद ले सकते हैं।

**4. सिंहगद द्वीप और अन्य द्वीप**

चिलिका झील में कई अन्य छोटे द्वीप भी स्थित हैं, जिनमें से सिंहगद द्वीप बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकते हैं और स्थानीय मछुआरों के जीवन को करीब से देख सकते हैं। सिंहगद द्वीप पर स्थित मंदिर और किलों का ऐतिहासिक महत्व भी है, जो इस स्थान को और भी खास बनाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रियता से मरीजों को सामान्य स्थिति में लाने की प्रयास जारी

# इलाज के दौरान फिर भी एक पहाड़ीन बच्चे की मौत

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/मंडरो :** बसहा पंचायत के पहाड़िया गांव नगर भीठा स्वास्थ्य की टीम ने तीसरा दिन भी मंगलवार को पहाड़िया बच्चे युवक महिलाओं एवं पुरुषों का रक्त संकलन कर जांच किया जिसमें नगरभीठा में 28 लोगों में 10 का पॉजिटिव पाया गया वही ऊपर चतरा में जांच की गई।जिसमें एक पॉजिटिव पाया गया सहारा में 28 लोगों का जांच में एक पॉजिटिव पाया गया। वही सहारा गोविंदपुर, नगरभीठा एवं भोराय में रक्त संकलन कर जांच किया गया कुल 110 लोगों में 12 पॉजिटिव पाया गया है।नगरभीठा पहाड़िया गांव में दो मरीज को रेफर किया गया।जिसे सदर अस्पताल साहिबगंज रेफर किया गया था। बीपीएम अमन भारती ने बताया की बीच रास्ते से बहाना मारकर भाग गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रियता से मरीजों को सामान्य स्थिति में लाने की प्रयास जारी रखी है यहां दिन रात मरीजों को सेवा दी जा रही है। अभी स्थिति समान्य होते प्रतित होती है, वहीं बीडीओ मेघनाथ उरांव डा सलखु चंद हांसदा सी एच ओ खुशबू रानी,मोहन सिंह जाटव, स्नेहलता मुर्मू ने नगरभीठा पहाड़िया गांव पहुंच कर बिमार मरीजों देखा उपयोगी दवा के बारे बताया गया। गर्म पानी सेवन करने गर्म खाना,शरीरको ढंग कर रहे तथा रात में मच्छरदानी का उपयोग अवश्य ही करने की सलाह दी गई।वहीं बीडीओ मेघनाथ उरांव, सी एच ओ खुशबू रानी मोहन सीह जटाव सहलेता मुर्मू एमटीएस प्रवीर सिन्हा एमपीडब्ल्यू डोमन मडल एमपीडब्ल्यू धर्मेन्द्र जयसवाल गेना लाल मंडल बीपीएम विष्णु भगत बीपीएम अमन भारती डॉक्टर सलखुचंद्र हांसदा, डाक्टर साकेत सानू डाक्टर विनोद कुमार फिभिडी सती जी एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुबोध 50 मच्छरदानी का वितरण किया गया। जब की जिला सदर अस्पताल में बीते दिन इलाज के दौरान प्रमिला पहाड़न की मौत हो गई।

## जैप-09 में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** पोद्दार होम्यो क्लीनिक ने जैप-09 परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।जिसका उद्घाटन इंस्पेक्टर दिगंबर प्रसाद, इंस्पेक्टर प्रभु प्रसाद,डॉ एस एन प्रसाद व डॉ उमा कुमारी ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में करीब डेढ़ सौ जवान को निशुल्क परामर्श के साथ निशुल्क होम्योपैथिक दवा का वितरण किया गया। इसके साथ साथ बीपी,शुगर एवं वजन की भी निशुल्क जांच की गई।ज्ञात हो कि मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक डॉ सूयानंद प्रसाद प्रति वर्ष अपने स्वर्गीय पिता मशहूर होमियोपैथी चिकित्सक डॉ.एम.के.पोद्दार की पुण्यतिथि पर निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन उनका पिता के दिखाए गए सेवा और समर्पण के मार्ग को आगे बढ़ाने का एक विनम्र प्रयास है।डॉ.एम.के.पोद्दार एक प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक थे,जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया।उन्होंने न केवल रोगों का इलाज किया, बल्कि लोगों को स्वास्थ्य और जीवनशैली के प्रति जागरूक भी किया।उनका मानना था कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है।इसी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए पोद्दार होमियो क्लिनिक चिकित्सा शिविर का आयोजन करता है।यह शिविर न केवल रोगियों को निःशुल्क परामर्श और दवाइयाँ प्रदान करता है।बल्कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है।डॉ सूयानंद ने बताया कि होम्योपैथी केवल रोगों का इलाज नहीं करती,बल्कि संपूर्ण शरीर को संतुलित कर रोगों की पुनरावृत्ति को रोकने में भी सहायक होती है।यह चिकित्सा पद्धति साइड इफेक्ट रहित, किफायती और प्राकृतिक रूप से प्रभावी है।शिविर में जैप-09 पुलिस मेंस यूनियन के पदाधिकारी हर्ष कुमार,अमित कुमार,वीरेंद्र कुमार,कुंवर टुडू,मोतामील व अन्य मौजूद थे।

न्यूज IN ब्रीफ

### बाप-बेटे के बीच हिंसक झड़प, पिता घायल

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पलाशगाछी पंचायत के मंगलू मांझी टोला में गेहूं की फसल को लेकर बाप-बेटे के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। इस घटना में पिता नूर मोहम्मद 52 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी बेटे और अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।पीड़ित नूर मोहम्मद का आरोप है। कि गेहूं की फसल काटने को लेकर उनके और उनके बेटे के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि उनके बेटे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में नूर मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने अपनी शिकायत में मताहार शेख, इस्माईल शेख, सहजुल शेख, हैत अली शेख, कौसर शेख और भोला शेख को भी आरोपी बनाया है।पीड़ित नूर मोहम्मद के आवेदन पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ कांड संख्या 97/25 के तहत धार 126 ,2,/ 115 (2) 117 (2)/ 118 (1) /109 (1) /303 (2) /352/3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### घर में चोरी की शिकायत

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुल घिसू टोला निवासी लूटन चौधरी एवं लीला देवी ने कुछ लोगों पर मोटर नाव की पंखी ,बैट्री एवं नाव की चोरी कर लेने की शिकायत गंगा थाना पुलिस से किया है। पीड़ित ने बताया कि गांव का ही तीन व्यक्ति चंदन चौधरी, सुभाष चौधरी, मंटू चौधरी ने मेरे घर में रखा पांच हजार का बैटरी,नाव,मोटर की चोरी कर लिया हैं। पूर्व में भी यह लोग गांव में कई बार चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। यह लोग सोमवार की रात्रि चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### बाइक दुर्घटना में दो घायल

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी के समीप बाइक सवार के दुर्घटना ग्रस्त होने से दो गंभीर रूप से घायल हो गया। वही राहगीरों की मदद से आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ऋतु राज के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही घायलों के पहचान छोटे लाल पिता नगीना कारण,एवं ध्रुप कुमार पिता तरुण सिंह निवासी हिरणपुर पाकुड़ के रूप में हुई है।वही घायल छोटे लाल निवासी आपौर थाना बोरियो का बताया जा रहा है। वही घायल छोटे लाल ने बताया कि हम लोग बोरियो से बांझी की ओर जा रहे थे।की अचानक संतुलन बिगड़ने से गिर गए।जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आग लगने से एक घर जलकर खाक



**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के फुलों लक्ष्मी गांव मे मंगलवार को अचानक आग लग जाने से तंजिला खातुन का धर जल कर राख हो गया।आन फानन में ग्रामीणों द्वारा पानी से आग को बुझाया गया आग की इस घटना में खाने पीने की चीजो के साथ साथ घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अनुसार आग लगने की वजह बिजली के सौट सर्किट बताया जा रहा है। झामुमो प्रखंड सचिव संजय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा ने बताया कि मदद पहुंचाया जाएगा।

### 16 सिलेंडर और 150 गैस कनेक्शन कार्ड बरामद



**साहिबगंज :** जिला उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर अपर समाहर्ता गौतम भगत के नेतृत्व में आज मोहल्ला छोटा पंचगढ़ में छापेमारी कर अवैध गैस सिलेंडर कारोबार का खुलासा किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में दो निजी आवासों से कुल 16 सिलेंडर और 150 से अधिक गैस कनेक्शन कार्ड बरामद किए गए। छापामारी के दौरान सुधिर कुमार साह के घर से 14 किलो के 12 सिलेंडर और 19 किलो के 4 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं रधुविर साह के आवास से 14 किलो के 4 सिलेंडर बरामद हुए। पदाधिकारियों के अनुसार बिना अनुमति के घरेलू और व्यावसायिक सिलेंडरों का भंडारण और वितरण किया जा रहा था।जिला प्रशासन ने अवैध गैस सिलेंडर कारोबार को लेकर कड़ी कार्रवाई की बात कही है। आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में स्थानीय पुलिस की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित पदाधिकारियों को दें।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**साहिबगंज :** जिला मुख्यालय स्थित सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में सिविल सर्जन के अध्यक्षता में बुधवार को आयुष्मान एवं ए ए एम अंतर्गत इ मरजेंसी पर कॉल से संबंधित जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया ।जिसमें स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी सिविल सर्जन, डॉक्टर किरणमाला, सतीबाबू डाबड़ा ,कन्हैया रजक स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे ।समाचार लिखे जाने तक प्रशिक्षण जारी थी।

## ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत दो घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के मदनशाही बोहा मुख्य सड़क पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार नेपाल देश के तीन युवक में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक को हल्की-फुल्की छोटे लगी। पुलिस को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।इधर ट्रक घटना को अंजाम देकर फरार हो गया।तीनों युवक नेपाल देश के रहने वाले हैं जिसमें नेपाल झापा निवासी यूनिक 20 वर्ष की मौत हो गई वही विराट नगर नेपाल के कृष्ण शर्मा 52 वर्ष एवं झापा सौरंगा निवासी हेमंत पांडे 18 वर्ष को हल्की-फुल्की छोटे आई है। वहीं कृष्ण शर्मा ने बताया कि हम लोग जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के दिल्ली होटल में काम करते हैं। मंगलवर को तीनों होटल में दारू पिए और घूमने के लिए एक बाइक पर सवार होकर बोहा पहाड़ के तरफ गए थे। वापस लौट के दौरान सकरीगली मदनशाही के बीच में स्थित बोहा के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक वाले ने टक्कर मार दिया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक ने यूनिकको कुचल दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और घटना की जानकारी जिरवाबाडी पुलिस को दी गई। इधर खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की छानबीन करते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कर रही थी ।

## जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें पदाधिकारी : उपायुक्त

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी पदाधिकारी को आमजन की शिकायतों के प्रति उदासीनता नहीं बरतनी चाहिए और सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।जनता दरबार में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को उपायुक्त महोदय के समक्ष रखा। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और समाधान के प्रति नागरिकों को आश्वस्त किया। उन्होंने सभी आवेदनों की समीक्षा एवं प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में प्राप्त शिकायतें विभिन्न विभागों और योजनाओं से संबंधित थीं। उपायुक्त महोदय ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत की भौतिक जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी आदेश दिया कि समाधान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा की जाए और निष्पादन की प्रतिपुष्टि फीडबैक उपायुक्त कार्यालय को सौंपी जाए।उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनहित के मामलों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ समस्या निवारण सुनिश्चित करें।

## सरकार कुछ काम करती है : मुखिया

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत जेल के समीप आदिम जनजाति समुदाय के हजारों पहाड़ियों महिला व पुरुष और बच्चों ने सड़क जाम कर अपनी मांग हक के लिए आवाज को बुलंद किया। इस कारण समाहरणालय रोड पूरी तरह से कई घंटे के लिए ठप हो गया । मौके पर आदम जनजाति के मुखिया ने बताया कि हेमंत सरकार झूठ बोलकर हमसे वोट तो ले लेती है लेकिन काम कुछ भी नहीं करती है उन्होंने कहा कि पहाड़िया जनजाति को कई सालों से 1000 पेंशन की राशि प्राप्त होती है वहीं कई ऐसे पहाड़िया जनजाति हैं जिन्हें यह भी कहा कि कोई सुविधा आज तक नहीं मिली है उनके मुखिया ने बताया कि हेमंत सरकार दूसरे लोगों को 2500 रुपया पेंशन के रूप में देती है और हम लोगों को मात्र 1000 देकर ठग रही है। वहीं उन्होंने अपनी समस्या को कहते हुए बताया कि पहाड़ पर राशन कार्ड में फिंगर भी नहीं लगता है। जिसके कारण अनाज भी नहीं मिलता है। और पीने के लिए बहुत दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। साथ ही कुछ पहाड़िया ने बताया बताया कि उनकी खदान एक बार लीज पर लेने के बाद लीज धारक कभी छोड़ते ही नहीं है। इससे उनका आर्थिक शोषण भी होता है जब उनसे पूछा गया। कि यह कैसे संभव है तो उन्होंने बताया कि वह बलपुर्वक हमें अपने ही खदान से भगा देते हैं। साथ ही अपनी आवाज को बुलंद करते हुए कहा कि आदिम जनजाति समुदाय के लोग अपने हक को लेकर रहेगी चाहे इसके लिए कितनी भी चुनौतियों का सामना करना पड़े इस संबंध में साहिबगंज के उपायुक्त से मिलकर उन्होंने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौपा ।

## सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों : डीसी

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग, जिला बाल कल्याण और बाल संरक्षण कमिटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया और संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को अब तक नहीं भरने पर जल्द भरने को कहा गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएम एफटी मद से हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गई।

इसके अलावा जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है।वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया।समीक्षा बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पोषण ट्रैकर ऐप प्रधानमंत्री मातृत्व योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस वाबत उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गई तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके।इसके साथ ही सेविका एवं सहायिका के रोस्टर तैयार करने और रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, प्रखंड बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## लोगों की समस्याओं का निदान करना ही कांग्रेस पार्टी की पहली प्राथमिकता : बरकत खान

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रत्येक मंगलवार की भांति बरहरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए आम जनों असीफा अंजुम,अंजुम परवीन,सलमा खातून मजहारूल हक, रिंकी दास,रुखसाना खातून,स्वीटी खातून,तसकीना खातून,टीना खातून,इशरत खातून,तालामय मरांडी,शाहजहां शेख,सबीना यास्मीन,मोईन अंसारी,अजीजुर रहमान,इत्यादि की समस्याओं से रूबरू हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर पंचायत से आए पुरुष व महिलाओं ने विधायक कक्ष में मैया सम्मान योजना संबंधित

शिकायत पेंशन संबंधित शिकायत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने की शिकायत ग्रीन कार्ड न बनने की शिकायत,जाति आय निवास से संबंधित शिकायत विधायक प्रतिनिधि से की।बरकत खान ने जनता दरबार में आऐ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को सुना।सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच व त्वरित समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।वहीं बरकत खान ने मैया सम्मान योजना के लाभुको को सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन से अवगत कराया बताया कि कई महिलाओं के बैंक खातों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण पैसा नहीं पहुंचा।बैंक खाते का आधार से लिंक न होना एवं डीबीटी लिंक न होना।जिन महिलाओं के खाते आधार से लिंक नहीं थे,उनमें भुगतान नहीं हो पाया नाम की स्पेलिंग त्रुटि।राशन कार्ड,आधार कार्ड और बैंक खाते में नाम अलग-अलग होने से पैसा अटक गया। गलत बैंक खाता नंबर ऑनलाइन आवेदन के दौरान कई लाभुकों ने गलत खाता नंबर दर्ज कर दिया।जिससे पैसा ट्रांसफर नहीं हो सका।सरकार ने इन त्रुटियों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया है। और यह सुनिश्चित किया जा रहा है। कि आगामी त्योहारों से पहले सभी लाभुकों के खाते में पैसा पहुंच जाए।वहीं आवेदन के माध्यम से तालामय मरांडी ने पेंशन बंद होन की शिकायत की बरकत खान ने आवेदन के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया।मोईन अंसारी जो पैर से विकलांग है ने भी आवेदन के माध्यम से ट्राई साइकिल की मांग की वहीं बरकत खान ने आवेदन के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया।वही विधायक कक्ष में आए ग्रामीणों ने बरकत खान के पास गुहार लगाई की हम लोग के प्रखंड में आधार अपडेट का काम कहीं नहीं हो रहा है। इसके कारण हम लोगों को बहुत से समस्या का सामना करना पड़ रहा है।बरकत खान ने डीडीसी साहिबगंज से वातार्लाप कर आधार अपडेट की समस्या से अवगत कराया डीडीसी साहब ने बहुत जल्द ही बरहरवा प्रखंड में कैंप के माध्यम से आधार अपडेट का काम कराने का आश्वासन दिया।साथ ही बरकत खान ने बताया कि जनता दरबार के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनते हैं।क्योंकि क्षेत्र के लोगों को विधायक कक्ष से एक उम्मीद है। कि यहां जाने से हमारी समस्या का समाधान अवश्य होगा।पाकुड़ विधानसभा की विधायक निसात आलम का भी सख्त निर्देश है कि जो भी लोग अपनी समस्या लेकर विधायक कक्ष में आते है।उनके समस्या का निस्वार्थ भाव से समाधान किया जाए।बरकत खान ने बताया कि हम लोग कुछ समस्याओ का ऑन द स्पॉट समाधान करवा देते हैं। कुछ समस्या अगर अधूरा रह जाता है।तो पदाधिकारी को हम लोग निर्देशित कर देते हैं। कि जल्द से जल्द समस्या का निदान किया जाए।इसी क्रम में प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष में जनता दरबार लगाया जाता है।मौके पर ज़िला महासचिव मिथुन मण्डल,प्रखण्ड महासिचव निताई सरकार, नसीम अख़्तर उर्फ नेहाल,छोटेलाल रामानी,विकास सिंह,गणेश शाह,अजीत कुमार राय,डबलू शेख,शमसेर खान,आलमगीर मंसूरी सहित दर्जनों ग्रामीण तथा नगर के लोग मौजूद थे।





# अनन्या और माधवन संग 'केसरी चैप्टर 2' में दिखेंगे अक्षय

अक्षय ने इंस्टाग्राम पर अपकमिंग फिल्म का एक मोशन पोस्टर शेयर किया और बताया कि टीजर 24 मार्च को रिलीज होगा। मोशन पोस्टर में खून से सनी ईंट की दीवार है, जिस पर गोलियों के निशान हैं और लिखा है साहस में रंगी क्रांतिज्केसरी चैप्टर 2। मोशन पोस्टर में गोलियों की तड़तड़ाहट सुनी जा सकती है। अक्षय कुमार ने कैप्शन में लिखा, कुछ लड़ाइयां हथियारों से नहीं लड़ी जाती। 'केसरी चैप्टर 2' का टीजर 24 मार्च को आएगा। फिल्म 18 अप्रैल को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अक्षय कुमार ने शुक्रवार को साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म केसरी के छह साल पूरे होने का जश्न मनाया था। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर केसरी की कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर लिखा था, 6 साल पहले... साहस की एक कहानी ने देश को झकझोर कर रख दिया था। इसमें आगे कहा गया, हजारों अफगानों के खिलाफ 21 सिख। संख्या में कम, घिरे हुए लेकिन साहस के साथ आगे बढ़े और पराजित नहीं हुए। वे शेरों की तरह लड़े और लीजेंड बन गए। इतिहास ने एक अध्याय लिखाज अब, हम अगला बताते हैं। नई जंग उसी तपिश के साथ सामने होगा, भगवा फिर लहराएगा। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, केसरी के 6 साल पूरे होने का जश्न। केसरी की भावना का जश्न। शुरू होने वाले एक नए अध्याय का जश्न। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी फिल्म में अक्षय कुमार के साथ परिणीति चोपड़ा भी नजर आई थीं। 'केसरी' में सारागढ़ी किले की कहानी दर्शायी गई थी, जिसमें 1897 में ब्रिटिश भारतीय सेना की 36वीं सिख रेजिमेंट के 21 सिख सैनिकों ने 10 हजार अफगान सैनिकों को धूल चटा दी थी। इसमें अक्षय कुमार वीर बहादुर हवलदार ईशर सिंह की भूमिका में दिखे थे।

*अभिनेता अक्षय कुमार की देशभक्ति से लबरेज फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' की रिलीज डेट का खुलासा हो चुका है। अभिनेत्री अनन्या पांडे और आर. माधवन स्टारर फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दर्शकों को जानकारी दी।*



## करण कुंद्रा ने तेजस्वी प्रकाश संग शादी पर की खुलकर बात

**अभिनेता** करण कुंद्रा ने खुलकर बात की। बातचीत के दौरान तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी को लेकर उन्होंने कई जानकारी भी शेयर किए। जब उनसे उनकी शादी के मेन्यू के बारे में पूछा गया, तो करण ने खाने के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते हुए कहा, मैं खाने का बड़ा शौकीन हूं। लेकिन जब शादी के खाने की बात आती है, तो मैं इसे पेशेवरों पर छोड़ना पसंद करूंगा। एक पुराने वीडियो का जिक्र करते हुए करण ने शादी की क्या योजना है इस पर मजाकिया अंदाज में बताया, मुझे लगता है कि वह एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि जब समय आएगा, तो मैं इसके बारे में सोचना शुरू कर दूंगा। मैं यह भी विचार करूंगा कि शादी का आयोजन बड़े या फिर छोटे पैमाने पर होगा। करण ने बताया कि तेजस्वी अक्सर उनके लिए खाना बनाती हैं और यह उनके लिए खास है। उन्होंने कहा, तेजस्वी मेरे लिए खाना बनाती है और यह मेरे लिए बेहद खास है। उन्होंने तेजस्वी की पाक कला की प्रशंसा करते हुए बताया कि तेजस्वी को रसोई में प्रयोग करना कितना पसंद है। उन्होंने बताया, कल भी उसने कुछ प्रयोग किया और मैंने उसे खाया, मुझे उनका बनाया खाना बहुत पसंद आया। करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने उत्साह से जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी। मां की इस घोषणा से तेजस्वी शर्म से लाल हो गईं और शर्माते हुए बोलीं ऐसी कोई बात नहीं है। भले ही तेजस्वी ने इनकार किया हो लेकिन हाल ही में तेजस्वी ने शादी को लेकर एक बड़ी बात कही थी। उन्होंने कहा, मैं इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती। मुझे सामान्य कोर्ट मैरिज से कोई दिक्कत नहीं है। हम लोग फिर घूमेंगे, फिरेंगे, ऐश करेंगे।

बता दें, करण और तेजस्वी की मुलाकात 'बिग बॉस 15' में हुई थी। इसके बाद दोनों में दोस्ती हुई और वह प्यार में बदल गया। रियलिटी शो के क्रिसमस स्पेशल वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान, करण ने तेजस्वी प्रकाश को लाल गुलाब देकर प्रपोज किया था।



## चुनौतीपूर्ण था यारियां बनाना, दर्शकों का मिला खूब प्यार: दिव्या खोसला

**फिल्म** निर्माता-अभिनेत्री दिव्या खोसला ने अपनी फिल्म 'यारियां' के निर्माण की प्रक्रिया के दौरान सबसे चुनौतीपूर्ण और शानदार क्षणों को याद किया, जो उनके अनुसार एक पेंटिंग की तरह लगती है। साल 2014 में रिलीज हुई 'यारियां' में हिमांश कोहली, रकुल प्रीत सिंह, निकोल फारिया और एवलिन शर्मा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में लक्ष्य, जिया, सलोनी, पारडी और नील की कहानी है, जो सिक्किम के एक कॉलेज में पढ़ते हैं और प्रॉपर्टी डेवलपर्स को अपने कैंपस को ध्वस्त करने से रोकने के लिए एक प्रतियोगिता जीतने का प्रयास करते हैं। दिव्या ने कहा, मुझे लगता है कि फिल्म बनाना बेहद मुश्किल है और यारियां निश्चित रूप से बहुत चुनौतीपूर्ण थी। मैंने ऐसी जगहें खोजने की कोशिश की, जहां पहले कभी शूटिंग नहीं हुई थी इसलिए मैं सिक्किम और दार्जिलिंग गई। फिल्म निर्माता ने कहा, पहाड़ की चोटियों पर चढ़ना, उन जगहों की तलाश में अंदर और ऊपर की ओर यात्रा करना जो स्क्रीन पर कभी नहीं देखी गई थीं और जब आप यारियां देखते हैं, तो यह एक पेंटिंग की तरह लगती है। हर फ्रेम को मैंने पेंटिंग की तरह दिखने के लिए डिजाइन किया।

## सीमाओं से आगे निकलकर चुनौती भरी भूमिका निभाना करता है उत्साहित : हेली शाह



**हाल** ही में रिलीज हुई सीरीज ज्यादा मत उड़ में अभिनय कर रहीं लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री हेली शाह का कहना है कि अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने वाली भूमिकाओं के साथ खुद को चुनौती देना उन्हें और अधिक उत्साहित करता है। ड्रामा और कॉमेडी का एक बेहतरीन मिश्रण ज्यादा मत उड़ चुनौतियों से भरी दुनिया में अपना रास्ता खुद बनाने की कोशिश कर रहे युवाओं के संघर्ष और आकांक्षाओं के इर्द-गिर्द घूमती है।

उन्होंने बताया, एक साथ कई कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा होना मेरे लिए कभी चिंता का विषय नहीं रहा, क्योंकि मुझे अपने काम पर भरोसा है। मुझे सबसे ज्यादा रोमांचित करता है खुद को ऐसे किरदारों से चुनौती देना जो एक अभिनेता के तौर पर मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। शो में हेली ने काजल की भूमिका निभाई है, जो एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिला है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से पीछे हटने से इनकार करती है। अपने पहले निभाए गए पारंपरिक किरदारों से अलग, काजल बोल्ड, मुखर और हमेशा चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहती हैं। उन्होंने कहा, 'ज्यादा मत उड़' में काजल की भूमिका निभाना मेरे लिए एक नया अनुभव रहा है, क्योंकि वह बोल्ड, निडर और सामाजिक मानदंडों से बंधे रहने से इनकार करती है।

वह अपने मन की सुनती है, अपने लिए खड़ी होती है और मेरे द्वारा पहले निभाई गई भूमिकाओं की तुलना में एक अलग ऊर्जा लेकर आती है। यह रोमांचक और फायदेमंद दोनों रहा है।

## इंडस्ट्री में लैंगिक भेदभाव पर पूजा हेगड़े ने कही बड़ी बात

**अभिनेत्री** पूजा हेगड़े का मानना है कि इंडस्ट्री में महिला कलाकारों को अक्सर ही लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सेट पर महिला कलाकारों को किन समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है।

फिल्म बनाना एक सामूहिक प्रयास है, इसमें सबकी भागेदारी होती है। फिल्म के सेट पर अभिनेत्रियों को लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। कई बार तो हमें पोस्टर पर क्रेडिट तक नहीं दिया जाता है। यह कहना है अभिनेत्री पूजा हेगड़े का, जिन्होंने हिंदी भाषा के साथ-साथ तमिल और तेलुगु भाषा की फिल्मों में भी काम किया है।



फिल्मफेयर के साथ अपनी हालिया बातचीत में पूजा ने इंडस्ट्री में लैंगिक भेदभाव और बड़े-बड़े स्टार्स के साथ अपने काम करने के अनुभव को साझा किया। बातचीत के दौरान पूजा ने किसी मेल स्टार के साथ काम करने के दौरान आने वाली परेशानियों पर खुलकर बात करते हुए कहा, यह सभी उद्योगों में है। किसी में काफी बड़े स्तर पर है, तो किसी में छोटे स्तर पर है। ये छोटी-छोटी बातें हैं, जैसे- पुरुष अभिनेता की वैनिटी वैन सेट के पास में खड़ी होती है, जबकि हम लोगों को अपने लहंगे और ड्रेसेज को उठाकर दूर तक चलना पड़ता है। कभी-कभी मैं सोचती हूं, सुनो यार, हमारे बारे में सोचो। हम इतने भारी कपड़ों में हैं और हमें अपनी वैन्स तक पहुंचने के लिए खुद को घसीटना पड़ता है।



## महिलाओं की अगली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए करना चाहिए काम: कृतिका कामरा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा जल्द ही अपने गृहनगर मध्य प्रदेश जाने वाली हैं, जहां वे उन महिला कारीगरों के साथ समय बिताएंगी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने वाली उनकी एक खास पहल का अहम हिस्सा हैं। उन्होंने यह पहल साल 2024 में शुरू की थी, जो महिलाओं को सशक्त बनाने में मदद करती है। उनका कहना है कि वे हमेशा से अपने माध्यम का इस्तेमाल अगली पीढ़ी की महिलाओं को ऊपर उठाने के लिए करना चाहती थीं।

कृतिका ने कहा, मेरी मां मध्य प्रदेश से हैं, इसलिए मेरे लिए इस जगह से गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव है। बचपन में उन्होंने मुझे चंदेरी और उसके खूबसूरत लोगों और कपड़ों की कारीगरी से परिचित कराया। उन्होंने कहा, जब हमने शुरुआत की थी, तो हमारा बड़ा लक्ष्य और कोशिश थी कि राज्य की महिलाओं, खासकर इस क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार दें, उन्हें सशक्त बनाएं और उनके काम को सामने लाएं। हम लगातार कोशिश कर रहे हैं कि रोजगार बढ़ाएं, इन महिलाओं को अपनी पहचान दें और उन्हें उचित कीमतों का अधिकार दिलाएं, ताकि उनकी जिंदगी बेहतर हो सके।

उन्होंने आगे कहा, एक एक्ट्रेस के रूप में मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हमें अपनी आवाज का इस्तेमाल महिलाओं की अगली पीढ़ी को ऊपर उठाने के लिए करना चाहिए। हम आगे बढ़ने के साथ-साथ अधिक से अधिक महिलाओं के साथ काम करना जारी रखेंगे और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करेंगे। बता दें कि कृतिका उन प्रतिभाशाली कारीगरों के साथ समय बिताने की योजना बना रही हैं, जो उनका समर्थन कर रहे हैं। कृतिका अवसर प्रदान करने और जमीनी स्तर की प्रतिभाओं के योगदान को पहचानने के महत्व को समझती हैं, खासकर मध्य प्रदेश के चंदेरी में गहरी सांस्कृतिक जड़ें रखने वाले हथकरघा और कपड़ा उद्योगों में। कृतिका ने कहा, मध्य प्रदेश मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

# श्रेयस ने कहा था शतक की चिंता मत करो, बस चौके-छक्के मारो : शशांक सिंह

**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** आईपीएल 2025 के अपने पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) को 11 रनों से हराकर धमाकेदार शुरूआत की। इस जीत में श्रेयस अय्यर की नाबाद 97 रन की पारी और शशांक सिंह की तूफानी बल्लेबाजी ने अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की पारी के अंतिम ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर 97 रन पर थे, लेकिन शशांक सिंह को निर्देश मिला कि वे हर गेंद पर चौके-छक्के लगाने की कोशिश करें। शशांक ने वैसा ही किया और अंतिम ओवर में 23 रन जोड़ते हुए टीम के स्कोर को 243/5 तक पहुंचा दिया। शशांक ने 16 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। मैच के बाद शशांक ने कहा, मैंने स्कोरबोर्ड नहीं देखा था, लेकिन जब पहली गेंद पर चौका लगाया तो देखा कि श्रेयस 97 पर थे। मैं उनसे पूछने जा रहा था



कि क्या मुझे सिंगल लेना चाहिए, लेकिन उन्होंने खुद कहा कि उनकी सेंचुरी की चिंता मत करो। यह कहना बहुत हिम्मत और टीम भावना का परिचय है। गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 244 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे पाने के लिए उन्होंने शानदार शुरूआत की। साई सुदर्शन (74 रन), जोस बटलर और शेर्फेन रदरफोर्ड की पारियों ने टीम को 14वें ओवर तक मजबूत स्थिति में रखा। 9 से 14 ओवर के बीच गुजरात ने 87 रन बनाए, और आखिरी छह ओवरों में उन्हें 75 रन चाहिए थे। हालांकि, पंजाब किंग्स के 'इम्पैक्ट प्लेयर' विजयकुमार वैशाक ने जबरदस्त गेंदबाजी कर मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने अपने पहले दो ओवरों में केवल 10 रन दिए और 10 डॉट गेंदें फेंकी, जिससे गुजरात की लय टूट गई। पंजाब ने लगातार तीन ओवरों में कोई बाउंड्री नहीं दी, जिससे गुजरात मैच से बाहर हो गया। शशांक ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, ₹श्रेयस की कप्तानी सहज निर्णयों पर आधारित होती है। यही कारण है कि वह दुनिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक हैं। हमें पता था कि वैशाक को कब लाना है, और उसने बेहतरीन गेंदबाजी की। उसने मुश्किल ओवरों में सटीक यॉर्कर फेंके और हमें जीत दिलाई। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की शानदार शुरूआत की और अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर सीबीआई का छापा, पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ता में झड़प

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर आज सुबह सीबीआई ने छापा मारा। इसकी भनक मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचने लगे। बंगले के चारों ओर बैरिकेट्स लगाकर पुलिस को तैनात किया गया है।

इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले एक कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि वह बघेल



सर्मथकों को लेकर घर के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के रोकने पर वह गुस्से में आकर तू-तू मैं-मैं में उतर आया।

बताया गया है कि सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी धावा बोला है। भिलाई में ही विधायक देवेंद्र यादव के घर पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। इसके अलावा पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, आईपीएस अभिषेक पल्लव के भिलाई निवास, आईपीएस आरिफ शेख, पूर्व रायपुर आईजी और वरिष्ठ आईपीएस आनंद छाबड़ा के शांति नगर सरकारी आवास पर सीबीआई के अधिकारियों ने छापा मारा है।

## मुंबई एयरपोर्ट परिसर के कूड़ेदान में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर स्थित शौचालय के पास कूड़ेदान में एक नवजात शिशु का शव मिलने से यात्रियों और एयरपोर्ट कर्मचारियों में सनसनी फैल गई है। सहार पुलिस स्टेशन की टीम ने नवजात शिशु का शव बरामद कर कुपर अस्पताल में भेज दिया है ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। सहार पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मुंबई एयरपोर्ट पर टर्मिनल 2 के पास सफाईकर्मी मंगलवार की रात करीब 10.30 बजे साफ सफाई कर रहे थे। उसी समय सफाईकर्मियों ने शौचालय के पास कूड़ेदान में नवजात शिशु का शव देखा। इसी जानकारी एयरपोर्ट प्रशासन ने सहार पुलिस स्टेशन को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव बरामद कर कूपर अस्पताल में भेज दिया।

# देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना है : जगदीप धनखड़

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन में कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटों की जांच ठीक से होनी चाहिए। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी कल हुई सर्वदलीय बैठक की जानकारी देते हुए की। धनखड़ ने इस बैठक को सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जनता के मन को झकझोर रहा है। बैठक में सदन के नेता और विपक्ष के नेता सहित राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है।



विचार-विमर्श सर्वसम्मति से हुआ। यह चिंता को दशार्ता है। यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है। ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता अपने-अपने दलों और अन्य सभी संबंधित पक्षों से व्यापक परामर्श करेंगे। इसके बाद वे आगे के विचार-विमर्श के लिए उनके समक्ष आएंगे। सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों ने अन्य लोगों के साथ अपने विचार साझा करने के बाद यही निष्कर्ष निकाला है।

उल्लेखनीय है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में जले नोटों की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कल सर्वदलीय बैठक आहूत की थी। हालांकि बैठक में इस मसले पर कोई समाधान नहीं निकल सका। अगले हफ्ते सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

# साउथ एक्टर मनोज भारतीराजा का निधन

एजेंसी

**मुंबई।** साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता शिहान हुसैनी और अभिनेता-निर्देशक मनोज के. भारतीराजा का मंगलवार देर शाम निधन हो गया। सिर्फ 48 वर्ष के अभिनेता भारतीराजा के निधन की खबर से फिल्म जगत में शोक की लहर दौड़ गई।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मनोज के निधन पर शोक व्यक्त किया।

अभिनेता मनोज के. भारतीराजा की बाईपास सर्जरी के बाद स्वास्थ्य में सुधार हो रहा था, लेकिन दिल का दौरा पड़ने से उनका अचानक निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं, जिन पर यह दुख भारी पड़ा है। उनकी निधन की खबर सोशल मीडिया पर दी गई है। मनोज के. भारतीराजा के



आकस्मिक निधन से तमिल फिल्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है। उनके निधन पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मनोज के निधन पर कई प्रमुख नेताओं और फिल्मी हस्तियों ने भी उनके असमय निधन पर दुःख जताया है। मनोज के. भारतीराजा अपने अभिनय और निर्देशन कौशल के लिए जाने जाते थे और उनकी कमी इंडस्ट्री में हमेशा महसूस की जाएगी। सोशल मीडिया पर फैंस और सेलेब्रिटी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने का तांता लगा है।

मनोज भारतीराजा तमिल फिल्म इंडस्ट्री के निर्देशक भारतीराजा के पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता की निर्देशित तमिल फिल्म 'ताज महल' से फिल्म उद्योग में अपनी शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'ईरा नीलम' और 'वरुशामेलम वसंतम' जैसी कई फिल्मों में काम किया। वह प्राइम वीडियो की वेब सीरीज स्नेक्स एंड लैडर्स में भी दिखाई दिए। अभिनेता होने के अलावा उन्होंने कुछ फिल्मों का निर्देशन भी किया।

# कठुआ के जंगलों में मौजूद आतंकवादियों को मार गिराने के लिए लगातार चौथे दिन भी व्यापक बहुस्तरीय तलाशी अभियान जारी

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के जंगली इलाकों में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक समूह को मार गिराने के लिए बुधवार को लगातार चौथे दिन भी व्यापक बहुस्तरीय तलाशी अभियान जारी है।

एक स्थानीय महिला ने मंगलवार को पुलिस को बताया कि जिले के डिंग अंब बेल्ट में खाना खाते समय सेना की वर्दी पहने दो लोगों ने उससे पानी मांगा जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। दर्शन देवी ने कहा कि उन्होंने पानी लिया और पास के जंगल क्षेत्र की ओर चले गए।

अधिकारियों ने बताया कि सांबा-कठुआ सेक्शन में जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सीमावर्ती सड़कों पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। सान्याल से डिंग अंब और उससे आगे कई इलाकों में कई किलोमीटर तक तलाशी अभियान चल रहा है। तकनीकी और निगरानी उपकरणों से लैस सेना, एनएसजी, बीएसएफ,



पुलिस, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप और सीआरपीएफ के इस अभियान में हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रूफ वाहन और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने विभिन्न इलाकों में कई लोगों से पूछताछ की है और तीन संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया है। मंगलवार को तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दो ग्रेनेड बरामद किए। सान्याल के जंगलों में गोला-बारूद और अन्य सामग्रियों के बड़े जखीरे के बीच मिले ट्रैकसूट पिछले साल जून और अगस्त में अस्सर के जंगलों और डोडा में मारे गए जैश के चार आतंकवादियों द्वारा पहने गए ट्रैकसूट के समान थे।

वहीं इलाके के स्थानीय लोग भी सुरक्षाबलों के अभियान में शामिल हो गए हैं और उन्होंने अन्य इलाकों के लोगों से सतर्क रहने और अपने इलाकों में संदिग्ध व्यक्तियों की किसी भी गतिविधि की सूचना देने का आग्रह किया है। पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के नेतृत्व में अभियान रविवार शाम को हीरानगर सेक्टर में सुरक्षाबलों और एक जंगली क्षेत्र में छिपे आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस के विशेष अभियान समूह ने पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर सान्याल गांव के वन क्षेत्र में ढोक (स्थानीय बाड़े) के अंदर छिपे आतंकवादियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया। छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप आधे घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी चली। शनिवार को खड्ड के रास्ते या नवनिर्मित सुरंग के माध्यम से घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू होने पर तुरंत अतिरिक्त बल भेजा गया था। अधिकारियों ने कहा कि शुरूआती गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ और भोर में सुरक्षाबलों के आने से पहले रात भर इलाके में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

हालांकि आतंकवादियों के साथ आगे कोई मुठभेड़ नहीं हुई लेकिन सोमवार को तलाशी दलों को एम4 कार्बाइन की चार भरी हुई मैगजीन, दो ग्रेनेड, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, स्लीपिंग बैग, ट्रैकसूट और खाने के कई पैकेट मिले थे।

# शिमला में खाई में गिरी कार मां-बेटी समेत चार की मौत

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में हुए सड़क हादसे में मां-बेटी समेत चार लोगों की जान चली गई। यह हादसा मंगलवार देररात बालूगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आनंदपुर-मैहली बाइपास पर शील गांव के पास हुआ। तेज रफ्तार कार (एचपी 07 डी 1154) अनियंत्रित होकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी और उसमें सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान चालक जय सिंह नेगी (40) पुत्र पद्म नेगी निवासी संजौली, रूपा सूर्यवंशी (45) पत्नी भगवान दास, उनकी बेटी प्रगति (14) और मुकुल (10) पुत्र हेतराम निवासी नवबहार, शिमला के रूप में हुई है। इनमें रूपा सूर्यवंशी और उनकी बेटी प्रगति एक ही परिवार से थे, जबकि मुकुल पड़ोसी था। कार शोघी से मैहली की ओर जा रही थी। जब कार शील गांव के पास पहुंची तभी चालक का कार से नियंत्रण हट गया और वह गहरी खाई में जा समाई। स्थानीय लोगों ने कार के गिरने की आवाज सुनी और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। अंधेरा होने के कारण शवों को निकालने में बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

प्रारंभिक जांच में अंदेशा जताया जा रहा है कि कार की गति तेज थी, जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे खाई में जा गिरी। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं कार में तकनीकी खराबी तो नहीं थी। स्थानीय लोगों के अनुसार जहां हादसा हुआ, वहां सड़क किनारे क्रैश बैरियर नहीं हैं। अगर बैरियर होते तो शायद यह हादसा टल सकता था। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि चारों शवों को बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। बालूगंज पुलिस थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# शुरूआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी का रुख भी बना, लेकिन पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली के कारण दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, बजाज फिनसर्व, बीपीसीएल और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉक्टर रेड्डीज



लेबोरेट्रीज, ट्रेंट लिमिटेड, टेक महिंद्रा, बजाज ऑटो और मारुति सुजुकी के शेयर 1.39 प्रतिशत से लेकर 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,453 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 861 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,592 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 19 शेयर हरे निशान में और 31 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 4.26 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 78,021.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 78,167.87 अंक तक पहुंचा, लेकिन पहले 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई। बिकवाली के कारण इस सूचकांक ने थोड़ी ही देर में लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि थोड़ी देर बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार की स्थिति बनने लगी। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 62.54 अंक की गिरावट के साथ 77,954.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 32.30 अंक की बढ़त के साथ 23,700.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 23,736.50 अंक तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई। इस बिकवाली के कारण यह सूचकांक भी गिर कर लाल निशान में पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 6.15 अंक की कमजोरी के साथ 23,662.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 32.81 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 78,017.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 10.30 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की उछाल के साथ 23,668.65 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में भी तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर मजबूती का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,776.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.46 प्रतिशत उछल कर 18,271.86 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,636.64 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,663.80 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत उछल कर 8,108.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 257.13 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,109.79 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि सिर्फ एक सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशियाई बाजारों में इकलौता ताइवान वेटेड इंडेक्स फिलहाल 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,251.32 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.11 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,705 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,967.18 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 219.27 अंक यानी 3.52 प्रतिशत उछल कर 6,454.89 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ईद पर दी जा रही भाजापा की सौगात-ए-मोदी किट सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ : मायावती

**लखनऊ।** भाजपा ईद के मौके पर असहाय परिवारों को सौगात-ए-मोदी किट पहुंचा रही है। इस पर भी सियासत तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इसे राजनीतिक स्वार्थ बताया है। बसपा प्रमुख ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि भाजपा का ईद, बैसाखी, गुड फ्राइडे, ईस्टर पर 32 लाख गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक 'सौगात-ए-मोदी' के रूप में प्रधानमंत्री का यह प्रेम संदेश व भेंट पहुंचाने की घोषणा केवल इनका राजनीतिक स्वार्थ हैं। जब मुस्लिम व बहुजन समाज जान-माल, मजहब की सुरक्षा को लेकर दुखी व चिन्तित तो इसका क्या लाभ? जबकि बेहतर होता, अगर भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारें मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के कुछ गरीब परिवारों को यह सौगात-ए-मोदी देने की बजाय, उनकी गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ापन आदि को दूर करने के लिए रोजगार की स्थायी व्यवस्था करती व उनकी सुरक्षा पर भी उचित ध्यान देती। इससे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वोट के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। जबकि सपा के लोग ऐसा करते रहते हैं।

### संदिग्ध गतिविधियों को लेकर श्रीनगर और सोपोर में कई स्थानों पर पुलिस ने ली तलाशी



**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामलों की चल रही जांच के तहत श्रीनगर और सोपोर में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह कार्रवाई प्रतिबंधित संगठनों से संबंधित हैं, जिनमें जम्मू और कश्मीर मुस्लिम सम्मेलन (भट समूह), जम्मू और कश्मीर मुस्लिम लीग (मसरत आलम समूह) और जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी (शब्बीर शाह समूह) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रतिबंधित संगठनों के संदिग्ध सदस्यों के संबंध में और पुलिस स्टेशन राजबाग श्रीनगर, पुलिस स्टेशन सदर तथा पुलिस स्टेशन शहीद गंज में दर्ज एफआईआर के तहत कई स्थानों पर तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने यह कार्रवाई प्रोफेसर अब्दुल गनी भट के बेटे हबीबुल्लाह भट के भट मोहल्ला बोटिंगू, सोपोर में स्थित आवासों और साथ ही वजीर बाग राजबाग में उसके श्रीनगर आवास पर की गई। इसी क्रम में एक अन्य एफआईआर के संबंध में शब्बीर अहमद शाह के आवास पर भी तलाशी ली गई। इसके अलावा श्रीनगर में सात स्थानों पर गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के शक में मसर्रत आलम भट पुत्र अब्दुल मजीद निवासी जैंदर मोहल्ला हब्बा कदल, मुश्ताक अहमद भट (उर्फ गुग्गा) पुत्र गुलाम कादिर निवासी बटमालू, मोहम्मद नजीर खान पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी कुलीपोरा खानयार, हकीम अब्दुल रशीद पुत्र गुलाम रसूल निवासी बोटाकदल, लाल बाजार और जावेद अहमद मुंशी (उर्फ बिलपापा) पुत्र गुलाम अहमद निवासी मेथन चनपोरा के यहां तलाशी ली गई। प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर में एनआईए अधिनियम के तहत नामित विशेष न्यायाधीश से तलाशी वारंट प्राप्त करने के बाद यह कार्रवाई कीगई। प्रवक्ता ने कहा कि कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार सभी तलाशी एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में की गई। उन्होंने आगे कहा कि जांच का उद्देश्य जम्मू और कश्मीर में अलगाववादी और आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के अवशेषों को खत्म करना है, ऐसी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की पहचान करके उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना है।

### हरिद्वार में अवैध मदरसों पर प्रशासन का शिकंजा, 12 से अधिकअवैध मदरसे सील

**देहरादून।** हरिद्वार में बिना पंजीकरण और सरकारी अनुमति के संचालित मदरसों के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। अब तक 12 से अधिक अवैध मदरसे सील किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन ने हरिद्वार, रुड़की, लक्सर और भगवानपुर तहसीलों में व्यापक जांच अभियान चलाया है। जिला अधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने बताया की हरिद्वार में एक माह पहले से मदरसों की जांच की जा रही थी, जो बिना पंजीकरण के अवैध रूप से मदरसे चल रहे हैं, उन्हें अपना पंजीकरण कराने के साथ-साथ आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के लिए कहा गया था परंतु एक माह बाद भी जिन्होंने अपना पंजीकरण नहीं कराया और सरकारी अनुमति नहीं ली ऐसे अवैध मदरसों को सील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में लगभग 60 मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिन्हें चिन्हित करके लगातार कार्रवाई जारी है । अवैध मदरसों को सील करने के अभियान में लगी तहसीलदार प्रियंका रानी का कहना है कि जितने भी मदरसे संचालित हो रहे हैं, उनका पंजीकरण कराना अनिवार्य है। प्रशासन के निर्देशों के अनुसार सीलिंग की कार्रवाई जारी है, जो भी मदरसे बिना पंजीकरण के चल रहे हैं या उनके कागजातों में कमी है, उनसे कहा गया है कि वह अपनी औपचारिकताएं पूरी कर ले ' उन्होंने कहा कि जो भी मदरसे मौके पर अवैध पाए जा रहे हैं और जिनका पंजीकरण नहीं है, उन्हें सील किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी मदरसों का पंजीकरण अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह है कि सभी मदरसे सरकारी रिकॉर्ड में शामिल हो सके और उसमें पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा दीक्षा और स्वास्थ्य की गुणवत्ता बनी रहे।

### मध्य प्रदेश में बढ़ने लगी गर्मी, रतलाम में 40 डिग्री पहुंचा तापमान, दो दिन तेज गर्मी का अलर्ट

**भोपाल ।** मार्च के जाने से पहले ही मध्य प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी की शुरूआत हो गई है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में गर्मी का असर बढ़ गया है। मंगलवार को रतलाम में पहली बार पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, धार-शिवपुरी में पारा 39 डिग्री के पार रहा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तेज गर्मी पड़ने का अलर्ट जारी किया है। आज बुधवार को प्रदेशभर में तीखी धूप खिली रहेगी, जिससे गर्मी का असर बढ़ा रहेगा। वहीं, 27 मार्च को दिन-रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी और हो सकती है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले सप्ताह ओले-बारिश का दौर रहा। पांच दिन तक आधे से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा, लेकिन सोमवार से मौसम ने करवट बदली और गर्मी का दौर शुरू हो गया। सभी शहरों में पारा तीन से पांच डिग्री तक बढ़ा है। मंगलवार को रतलाम में सामान्य से 4.8 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई और पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्लोबल विजडम स्कूल में का वार्षिक परीक्षा फल घोषित

**कोडरमा :** जिले के नवलशाही स्थित ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल में सत्र -2024- 25 के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा में टॉप 10 उत्कृष्ट विद्यार्थियों की सूची में शामिल विद्यार्थी समीर अंसारी (98.15%) क्लास 2, ताबीज रेहान (96.46%) क्लास 2ल्लर्, सोनम कुमारी (94.6%)क्लास 2, विवेक कुमार पंडित (92.29%)क्लास 5 , अरफा खान (91.25%)क्लास यूकेजी मुस्कान कुमारी (90.60%) क्लास 7, इकु खान (90.25) क्लास व सना प्रवीण (89.20%) क्लास 7, समा प्रवीण (88.86%) क्लास 5 , सागर कुमार (91.20%), आशा कुमारी (90.6%), सारिका कुमारी (89.8%), बरका प्रवीण (89.2%) विद्यालय के निदेशक संजीत साव ने अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चे उनके अभिभावकों एवं विद्यालय के सभी शिक्षको को धन्यवाद दिया।

### प्रेझा फाउंडेशन कल्याण गुरुकुल, गुमला का सफलता सफर जारी, 25 युवाओं को मिला रोजगार

**गुमला :** प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल, गुमला में बैच नंबर-91 के ≈नियुक्ति पत्र वितरण समारोह≈ का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में 25 प्रशिक्षणार्थियों को ≈ँस्त्रङ्खङ्ग१ ढं''ङ्कल्व & उङ्केस्त्रंल्ल८ ढ१५३ी छेडी (हैदराबाद, तेलंगाना) में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कल्याण गुरुकुल, गुमला के प्राचार्य रामनरेश प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद उपयुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी ने प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उन्हें अपने कार्य में निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज जो प्लेटफॉर्म आपको मिला है, उसका सदुपयोग करें और अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुकुल का भी नाम रोशन करें।

समारोह में प्रेझा फाउंडेशन के विभिन्न पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से विजय शर्मा (ट्रेनर), सुखनाथ महतो (ट्रेनर), जॉन टेटे (एम.ई.), सुवेन्दु पाल (एम.आई.एस.), दीपक कुमार (सोर्सिंग एरिया मैनेजर), अंशु सोनी (ऑपरेशनल एरिया मैनेजर), रणधीर जायसवाल (एम.ई.) और मनीषा कुमारी (एम.ई.) शामिल थे। सभी ने प्रशिक्षणार्थियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रेझा फाउंडेशन, झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्यरत है, जो युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले 13 वर्षों में प्रेझा फाउंडेशन ने 40,000 से अधिक युवाओं को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनकी पारिवारिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार हुआ है।

### डीडीसी ने सुनी आम जनता की समस्याएं और निदान को लेकर दिए कई आवश्यका निर्देश



**गुमला :** गुमला जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गई। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझ्रएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

स्व विनय टोप्पो, घाघरा अंचल में राजस्व उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। 1 अक्टूबर 2022 को उनका देहांत हो गया। इनके आश्रित पुत्र ने अनुकंपा नियुक्ति हेतु अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत नियमानुसार कार्रवाई हेतु निर्देश दिए हैं।

डूहपानी पंचायत अंतर्गत रोकडेगा गांव में बीएसएनएल का टावर बंद पड़ा है। जिससे कि ग्रामीणों को बैंक केवाईसी कराने एवं राशन उठाव करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि विवाद, जमीन मापी, जमीन दाखिल-खारिज, अनुकंपा नियुक्ति, मईया सम्मान योजना की राशि,रोजगार, वेतन भुगतान संबंधी तथा आवास से जुड़े आवेदन आये। आज उप विकास आयुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

### 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल फील्ड फायरिंग का करेंगे अभ्यास

**गुमला :** जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी सिलम गुमला द्वारा गुमला जिला के गुमला एवं रायडीह प्रखण्डों के अंतर्गत ढोल टोंगरी जोराग और सिलम क्षेत्र में 25 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक सात दिनों का फील्ड फायरिंग अभ्यास किया जाएगा।

उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश के रूप में सूचित किया जाता है कि फील्ड फायरिंग अभ्यास के दौरान आज से 31 मार्च 2025 तक ढोल टोंगरी जोराग और सिलम क्षेत्र में प्रवेश करने से बचें उक्त अवधि में किसी भी प्रकार की अनावश्यक आवाजाही से परहेज करें और अपनी सुरक्षा हेतु फायरिंग क्षेत्र से सुरक्षित दूरी बनाए रखें जनसाधारण से अनुरोध है कि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और सशस्त्र सीमा बल के निदेशों का पालन करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

### जामताड़ा में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई शिकंजे में आया साइबर अपराधी

**रांची :** साइबर अपराध के गढ़ जामताड़ा में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई की है। 17 लाख करीब साइबर ठगी के मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने जामताड़ा के कमार्टांड़ थाना क्षेत्र से एक साइबर अपराधी को पकड़ा है। दूसरी ओर जिला साइबर थाना की पुलिस ने साइबर अपराधियों के अड्डे पर छापामारी कर चार साइबर अपराधी को पकड़ा है। दिल्ली पुलिस ने जहां अपने साथ साइबर अपराधी को लेकर रिमांड पर दिल्ली ले गई। वहीं जामताड़ा साइबर थाना की पुलिस द्वारा पकड़े गए चार साइबर अपराधियों को कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। करीब 17 लाख साइबर ठगी के मामले में दिल्ली पुलिस साइबर अपराधी की तलाश में मंगलवार को जामताड़ा पहुंची। दिल्ली पुलिस की टीम जामताड़ा के साइबर के गढ़ करमाटांड़ थाना क्षेत्र पहुंची, जहां एक साइबर अपराधी को पकड़ा गया।

# लोकपाल पुष्पा कुमारी ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण






मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** लोकपाल पुष्पा कुमारी के द्वारा बांसजोर प्रखण्ड के उरते पंचायत में संचालित मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति लाभुकों को मनरेगा का सफल क्रियान्वयन के लिये आवश्यक निर्देश दिया गया साथ ही उरते पंचायत के गिनिकेरा राजस्व ग्राम में ग्रामीणों से संवाद करते हुवे मनरेगा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। क्षेत्र में मनरेगा कर्यो में मजदूरों को हो रही परेशानी से भी अवगत हुए। क्षेत्र भ्रमण के पश्चात उरते पंचायत में 7 रजिस्टर एवं योजना अभिलेखों का जाँच किया गया साथ अभिलेख संधारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। ग्रामीणों को मनरेगा संबंधी जानकारी एवं 100 दिन के रोजगार की जानकारी के साथ, आम बागवानी की देखरेख अच्छी तरह से करने के संबंध में, बताया गया। निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं बीएफटी उपस्थित थे।

## नाबालिक को बहला - फुसलाकर जयपुर ले जा रहे कारीमाटी के दो मानव तस्कर गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता





**बानो :** थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान थाना के एएसआई सत्यनारायण कुमार को बानो रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला और व्यक्ति के साथ तीन बच्चियां संदिग्ध अवस्था में नजर आई। जिसकी सूचना एएसआई ने तुरंत थाना प्रभारी बानो को दी। थाना प्रभारी विकास कुमार अविलंब कार्रवाई करते हुए महिला चौकीदार संपत्ति देवी और पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचे तो देखा कि एक औरत अपने पति और तीन बच्चियों के साथ ट्रेन पकड़ने का इंतजार कर रही थी। सभी को पूछताछ हेतु बानो थाना लाया गया तथा बच्चियों के परिजनों को सूचना दी गई सूचना के उपरांत परिजन बानो थाना आए। बच्चियों के परिजनों ने सुजाता बागे और उनके पति प्यारा विल्सन बागे को पहचाने से इनकार किया उन्होंने बताया कि दोनों को नहीं जानते यह दोनों बिना अनुमति के हमारे नाबालिक बच्चियों को बहला-फुसलाकर मानव तस्करी कर काम करवाने के नियत से बेचने के लिए जयपुर ले कर जा रहे थे। पूछताछ और निरीक्षण के क्रम में यह बात प्रकाश में आया कि औरत जिसका नाम सुजाता बागे उम्र 37 वर्ष, पति प्यारा विल्सन बागे गांव कारीमाटी, थाना जलडेगा निवासी है।सुजाता बागे बीते 7-8 वर्षों से अपने पति प्यारा विल्सन बागे के साथ मानव तस्करी का कार्य कर रही है। वे यहां के लोकल बच्चियों को बहला फुसलाकर अच्छा कपड़ा और रुपया का लालच देकर बाहर दूसरे राज्य में बेच देने का काम करती है। आज भी वह यही कार्य करने वाली थी अपने साथ तीन लड़कियां जिसमें एक बालिक और दो नाबालिक है को बहला फुसला कर अपने साथ बानो रेलवे स्टेशन से जयपुर ले जा रही थी।जिसके विरुद्ध बानो थाना में कांड संख्या 21/25 दिनांक 24-03-25 धारा 137(2)/143(2)3/(5)बी एन एस एवं 75/81 जे जे एक्ट बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम 2015 के अंतर्गत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत सिमडेगा भेज दिया गया।

## उग्रवादी हिंसा से मृत के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर मिली नौकरी



**गुमला :** गृह एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में उग्रवादी हिंसा में मृत सैप जवान स्व० भूषण तिर्की के आश्रिता पुत्री सीमा रानी को अनुकम्पा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके तहत आज मंगलवार को उप विकास आयुक्त ने अपने कार्यालय कक्ष में सीमा तिर्की को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। एवं उनके आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।उक्त के आलोक में डुमरी कार्यालय में पदस्थापित करते हुए उनकी नियुक्ति की गई। साथ ही उन्हे सरकार के द्वारा निर्धारित वेतन भत्ता के अतिरिक्त समय-समय पर स्वीकृत जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते भी देय होंगे ।

## सरहुल, रामनवमी व ईद को शांतिपूर्ण महौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

मेट्रो रेज संवाददाता



**गुमला :** गुमला जिला प्रशासन के उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने महारामनवमी - चैती दुर्गा पूजा - प्राकृतिक सरहुल त्योहार और ईद मुबारक त्योहार शान्ति पूर्ण माहौल में सम्पन्न करने को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों ने अपनी अपनी तैयारीयां पुरी करते हुयें , पुरे गुमला जिला के सभी अनुमंडल - प्रखण्ड स्थित गांव और मुहल्ले स्तर पर अपने - अपने संबंधित पदाधिकारीयों , मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारियों (महिला - पुरुष ) पुलिसकर्मियों को जिले के संवेदनशील स्थानों, चौक चौराहा पर नियुक्ति को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है, साथ ही साथ सोशल मीडिया व्हाट्सएप आदि पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर होगी दोषी किसी भी कीमत पर बक्से नहीं जाएंगे और तो और अफवाह फैलाने वाले उपद्रवी तत्वों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं, और शान्ति समिति के सदस्यों से और आम जनताओं से अनुरोध किया गया हैं, की किसी तरह की अनुकूल प्रस्थिति की जानकारी प्राप्त होती हैं तो उक्त जानकारी को अभिलंब ( तत्काल ) जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अवगत कराया जायें , तकी समय रहते उक्त घटनाओं - दुर्घटना एवं समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुयें, अभिलंब (तत्काल ) निपटा जा सकें महारामनवमी , चैती दुर्गा पूजा और सरहुल त्योहार में जुलूस निकालने की परंपरा है, वहीं ईद मुबारक त्योहार पर नमाज अदा कर , एक दूसरे से गले मिले और सेवइयां खिलाने की परम्परा चली आ रही हैं , अतः उक्त सभी त्योहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की जबाबदेही जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर होती हैं , जिसे ब्बाखूबी जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह निभाने को तैयार हैं।

### बैंक मोड़ थाना से थाना प्रभारी लव कुमार की हुई छुट्टी

## प्रवीण कुमार बने नए थाना प्रभारी

ज्योति पाठक



झारखंड में तेज तर्रार कर्मठ एवं अपने उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले 2012 बैच के पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार धनबाद जिला के बैंक मोड़ थाना के नये थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक बनाए गए हैं, धनबाद के एसएसपी ने श्री कुमार के बेहतर कार्य प्रणाली और कार्य दक्षता को देखते हुए इन्हें महत्वपूर्ण जवाब देही सौंपी है, प्रभार ग्रहण करने के पश्चात थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि, थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहतर कानून व्यवस्था और आम लोगों की सुरक्षा तथा जन समस्याओं का निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोगों को जो भी समस्या हो वह सीधे जाकर उनसे मिल सकते हैं, उनकी व्यथा और पीड़ा सुनने और जानने के पश्चात त्वरीत कार्रवाई भी की जाएगी ।

गौरतलब हो कि, पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार थाना प्रभारी के रूप में चक्रधरपुर, एवं सदर चाईबासा तथा गढ़वा जिला के रंका में पद स्थापित रह चुके हैं, तथा वे अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से अपनी बेहतर कार्य प्रणाली से हमेशा जनप्रिय तथा लोगों के चहते पुलिस निरीक्षक के रूप में पहचाने जाते हैं, ऐसे पुलिस निरीक्षक से निश्चित तौर पर विभाग और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं, ऐसे पुलिस निरीक्षक पर हमें निश्चित तौर पर गर्व है, तथा राज्य में श्री कुमार फिंगर विशेषज्ञ के रूप में भी अपनी दमदार पहचान रखते हैं।

## 150 बोरा सीमेंट, 5 क्विटल छड़ 20 पीस गमला चोरी का आरोप

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच थाना क्षेत्र जयनगर रोड रंगीला होटल के बगल पेट्रोल पंप निर्माण हो रहे बाउंड्री ध्वस्त कर दिया गया। पेट्रोल पंप ऑनर भरत नारायण मेहता ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह के साथ डोमचांच थाना में आवेदन देकर बताया कि सूरज यादव पिता रामचंद्र यादव ग्राम बदडीहा थाना कोडरमा (2) प्रदीप शर्मा पिता भागीरथ शर्मा ग्राम डोमचांच थाना डोमचांच (3) मोहन साव पिता नीलकंठ साव ग्राम डोमचांव थाना डोमचांच उक्त सभी अपने 50 सहयोगी के साथ मंगलवार की बीती रात करीब 11 से 12 बजे रात आए सबों का मुंह गमछा से बंधा हुआ था. मेरे जमीन खाता नंबर 1213 प्लॉट नंबर 4849 पर चोरों की तरह मेरा बाउंड्री का दीवाल ध्वस्त कर दिए. और हमारे दरवान ज्ञानी मेहता पिता जौवराज मेहता ग्राम तेतरियाडीह थाना डोमचांच को मारपीट कर गाली गलौज करते हुए मेरा दीवाल गिरकर मेरा सामान चोरी कर गाड़ी पर लोड कर 150 बोरा सीमेंट, 5 क्विटल छड़, 20 पीस गमला तथा बड़ा सा तिरपाल चोरी कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए सामान लेकर भाग गए। वहीं पीड़ित ने उपरोक्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग किया गया है।

एसडीओ को दिए गए आवेदन में कहा मैं भरत नारायण मेहता पिता स्व. डेगलाल मेहता, साकिन डोमचॉच, मिडिल स्कुल डोमचौंच के पास, थाना डोमचोंच, जिला कोडरमा का निवासी हूँ। खाता नं. 1213, प्लॉट नं. 4849 रकवा 48 डी. मौजा डोमचोंच, थाना डोमचांच की भूमि खतियानी रैयत मनोरथ राय वगैरह के द्वारा सुमित्रा देवी पति बोधी राय को दिनांक 03.03.1962 को केवाला द्वारा बिक्री कर दिया गया था और सुमित्रा देवी के मरणोपरान्त उसका पुत्र गोविन्द राय ने उपरोक्त भूमि की बिक्री मेरे एवं मेरे भाई मुरलीधर मेहता के नाम से केवाला द्वारा दिनांक 30.05.1989 को बिक्री कर दिया गया। उसी प्लॉट का शेष रकवा 23 डी. की बिक्री खतियानी रैयत त्रिवेणी प्रसाद शर्मा, भागीरथ राय तथा मनोरथ राय एंव उनके भतीजा साध चरण राय पिता स्व० सरजु राय के द्वारा मेरे एवं मेरे उपरोक्त भाई के नाम से केवाला के द्वारा दिनांक 17.07. 2003 को बिक्री कर दिया गया और इस प्रकार उपरोक्त प्लॉट नं. 4849 के कुल रकवा 71 डी. मेरे हक हकियत एवं दखल कब्जे में चला आ रहा है।

## ऑक्टेव 2025 का शुभारंभ प्रमंडलीय आयुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया

बिनय मिश्रा



**चाईबासा :** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय शहर चाईबासा अवस्थित ऐसोसिएशन मैदान में पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र , कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर भारत के राज्यों की कला और संस्कृति ऑक्टेव 2025 का शुभारंभ विधिवत रूप से प्रमंडलीय आयुक्त और पुलिस उप महानिरीक्षक कोल्हान रेंज, निर्देशक पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोल्हान आयुक्त हरि कुमार केशरी ने कहा कि
इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मनोरंजन है, बल्कि पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्य की कला - संस्कृति , पारंपरिक वेशभूषा, खान- पान से आप सबको अवगत कराना है।

हम इस बात से अवगत हैं, कि भारत विविधताओं से भरा एक संपूर्ण राष्ट्र है। अनेकता में एकता वाले इस राष्ट्र की कला संस्कृति पर हम सबको गर्व है। हम ऐउउ ,संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार को इस तरह के कार्यक्रम के लिए धन्यवाद देना चाहेंगे कि उन्होंने कोल्हान वासियों को पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों की कला संस्कृति से रूबरू कराने का अवसर प्रदान किया। अन्य राज्यों की कला संस्कृति का अवलोकन कर हम अपना आकलन कर सकते हैं, कि वेशभूषा, खान पान में अलग होने के बावजूद भी किस तरह एक हैं। उन्होंने कोल्हान वासियों से पूर्वोत्तर राज्यों की कला संस्कृति का सपरिवार आनंद लेने की अपील भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक कोल्हान रेंज मनोज रत्न चौथे ने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशेषता ही अनेकता में एकता है। पूर्वोत्तर राज्यों की 8 राज्यों की श्रृंखला की कला संस्कृति से आज हम परिचित हुए। उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक पूर्वोत्तर राज्यों के अवलोकन से अपरिचित हैं, वे सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन में पधारकर पूर्वोत्तर भारत की कला संस्कृति का आनंद ले सकते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता के निदेशक आशीष कुमार गिरि ने कहा कि पहले यह कार्यक्रम बड़े-बड़े शहरों में हुआ करते थे । झारखंड के कोल्हान में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों की कला का प्रचार-प्रसार करना है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित अन्य आतिथियां में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो एवं संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी गुरु तपन कुमार पटनायक सहित कई लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की ने किया इस कार्यक्रम में त्रिपुरा, सिक्किम, नागालैंड, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और असम के कलाकारों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया।